वर्ष 23, अंक 207, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 23 अगस्त 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### इतनी देर क्यों लगा रहे हैं...

## कोलकाता केस पर सुप्रीम कोर्ट के जज का यह सवाल और कुछ नहीं बोल पाए कपिल सिब्बल

**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर की बर्बरता से रेप के बाद नृशंस हत्या के मामले पर गुरुवार को दूसरे दिन की सुनवाई की। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील कपिल सिब्बल से कई कड़े सवाल किए। जब बात अप्राकृतिक मौत के मामला (यूडी केस) दर्ज करवाने के वक्त की हुई तो सिब्बल के जवाब पर पहले जस्टिस मनोज मिश्रा और फिर जस्टिस जेबी पारदीवाला ने काउंटर क्वेश्चंस किए। एक वक्त ऐसा आया जब जस्टिस पारदीवाला के सवाल पर सिब्बल को कोई जवाब नहीं सूझा और वो हक्का-बक्का रह गए। आइए जानते हैं कि सुप्रीम कोर्ट में कोलकाता डॉक्टर केस की सुनवाई के मामले में किस सवाल पर सिब्बल लाजवाब हो गए।



यूडी केस पर घिर गए कपिल सिब्बल

सुनवाई थोड़ी देर पहले शुरू ही हुई थी कि जस्टिस मनोज मिश्रा ने यूडी केस दर्ज कराने की टाइमिंग पर सवाल किया। उन्होंने कहा कि ऑटोप्सी रिपोर्ट के मुताबिक ऑटोप्सी 9 अगस्त की रात के 9 बजे की गई। फिर अप्राकृतिक मौत का मुकदमा रात को 23.30 बजे दर्ज किया गया। ऐसा क्यों? इस पर कपिल सिब्बल ने कहा कि नहीं, 23.30 बजे तो एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। थोड़ी देर जस्टिस मिश्रा और सिब्बल के बीच बातचीत हुई, फिर जस्टिस जेबी पारदीवाला ने सिब्बल से पूछताछ करने लगे। उन्होंने कहा कि आप अपने रिकॉर्ड के मुताबिक बताइए कि पोस्टमॉर्टम कब हुआ? इस पर कपिल सिब्बल ने कहा कि पोस्टमॉर्टम 6.10 से 7.10 बजे शाम के बीच हुआ। तब जस्टिस पारदीवाला ने पूछा कि जब मामला अप्राकृतिक मौत का नहीं था तो फिर पोस्टमॉर्टम करवाने की नौबत क्यों आई?

जज के सवाल पर सवाल और सिब्बल की चुप्पी

दरअसल, जस्टिस पारदीवाला ये कह रहे थे कि बिना अप्राकृतिक मौत के तो पोस्टमॉर्टम करवाया नहीं जाता? इसका मतलब है कि आप मान रहे थे कि मौत अप्राकृतिक है, तभी तो आप बॉडी को पोस्ट मॉर्टम के लिए ले गए।

तब सिब्बल कुछ बोलने लगे तो जस्टिस पारदीवाला ने उन्हें टोका। तब सिब्बल सॉरी, सॉरी करने लगे। जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि जब शाम 6.10 से 7.10 बजे के बीच पोस्मॉर्टम हो गया तो फिर अप्राकृतिक मौत का केस (यूडी केस) दर्ज करवाने में इतनी देर क्यों हुई? आपने रात 11.30 बजे यूडी केस क्यों दर्ज करवाया?

### कागज देखकर भी यूडी केस का टाइम नहीं बता पाए सिब्बल

**इस** पर कपिल सिब्बल बोले कि 11.30 बजे तो एफआईआर दर्ज करवाई गई है, यूडी केस नहीं। तब जस्टिस पारदीवाला ने पूछा कि आपके रिकॉर्ड के मुताबिक यूडी केस कब दर्ज करवाया गया? इस पर सिब्बल ने कहा कि यूडी केस शाम 1.45 बजे दर्ज करवाया गया था। तब जस्टिस पारदीवाला ने हैरानी जताई कि आखिर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने से पहले यूडी केस कैसे दर्ज करवा दिया गया? जब पता ही नहीं कि मामला अप्राकृतिक मौत का है या नहीं, तो पहले ही केस कैसे दर्ज हो गया? इस पर कपिल सिब्बल हक्का-बक्का रह गए। उन्हें कोई जवाब नहीं सूझा तो यह बोलकर बच निकले कि ऐसा उन्हें बताया गया है। जस्टिस पारदीवाला ने सिब्बल का पीछा नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि अगर आपके ऑफिसर यहां हैं तो उनसे पूछकर बताइए कि सच्चाई क्या है? अगर यही बात है जो आप बता रहे हैं तब तो यह बहुत खतरनाक है। तब सिब्बल को मजबूरी में सहमति जतानी पड़ी। वो जस्टिस पारदीवाला के ऑब्जर्वेशन पर कहने लगे, जी मैं आपसे सहमत हूं।

सिब्बल को मिली जस्टिस पारदीवाली की नसीहत

उसके बाद ऑफिसर माइक पर आए और बोलने लगे कि माई लॉर्ड, मैं बताना चाहता हूं... तभी जजों ने उन्हें थोड़ी देर रुकने को कहा।

जस्टिस पारदीवाला ने सिब्बल से कहा कि वो अपने ऑफिसर को समझा दें कि सीधा-सीधा जवाब दें, घुमा-फिराकर नहीं।

## पीएम मोदी ने किया ऐसा धमाका, सुनकर रूस भी हिल जाएगा

**पोलैंड**

**भारत** ने लक्ष्य तय किया है, भारत 2047 तक खुद को विकसित बनाने का संकल्प लेकर चल पड़ा है। भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी तो है ही इसके साथ ही भारत पार्टिशिपेटिव और वाइब्रेंट डेमोक्रेसी भी है। भारत के लोगों का डेमोक्रेसी पर अटूट भरोसा है। ये भरोसा हमने हाल के चुनावों में भी देखा है। ये इतिहास का सबसे बड़ा चुनाव था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अपने दो देशों के दौरे की शुरूआत करते हुए पोलैंड पहुंचे, इस दौरान वह यूक्रेन की राजधानी कीव भी जाएंगे। यूक्रेन की अपनी यात्रा के दौरान, मोदी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं।




### आतिशी ने अधिकारियों को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली:**

**यह** नोटिस तब आया जब स्वतंत्रता दिवस पर अखबारों में पूरे पन्ने के विज्ञापन में केजरीवाल की तस्वीर छापने के आतिशी के प्रस्ताव को सूचना एवं प्रचार निदेशालय (डीआईपी) के सचिव ने सीएम की स्थिति को विचाराधीन कैदी बताते हुए खारिज कर दिया।

राष्ट्रीय राजधानी में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और नौकरशाही के बीच ताजा टकराव में, दिल्ली की मंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तस्वीर के बिना एक अखबार में विज्ञापन जारी।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जल्द से जल्द हथियार जमा कराने के निर्देश



**पानीपत। हरियाणा** में एक अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने सभी लाइसेंस धारकों को जल्द से जल्द अपने हथियार जमा कराने के निर्देश जारी किए हैं।

पानीपत के पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर शस्त्र जमा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने अपील की है कि परेशानी से बचने के लिए सभी लाइसेंस धारक जल्द से जल्द अपने शस्त्र जमा करा दें।

उन्होंने कहा कि अक्टूबर में होने वाले चुनाव के मद्देनजर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिले के सभी प्रमुख स्थानों पर चेक पोस्ट स्थापित किए जाएंगे।

लोकेंद्र सिंह ने कहा कि शहर के अंदर सभी अतिक्रमण जल्द से जल्द हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति नशा तस्करों के खिलाफ सूचना देना चाहता है तो वह सरकारी नंबर पर सूचना दे सकता है। उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। बता दें कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने हरियाणा विधानसभा 2024 के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया है। आयोग ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में तारीखों का ऐलान किया। हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों के लिए एक अक्टूबर को मतदान होगा।

## एअर इंडिया की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**त्रिवेंद्रम। मुंबई** से तिरुवनंतपुरम जा रही एअर इंडिया की एक घरेलू उड़ान में बम की धमकी मिलने के बाद गुरुवार को तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। घटना के बाद एयरपोर्ट पर तुरंत आपातकाल घोषित कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार धमकी के बाद सुबह करीब आठ बजे फ्लाइट ने तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर लैंड किया। जिसके बाद विमान को तत्काल प्रभाव से आइसोलेशन बे में ले जाया गया। इसके बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बम की धमकी की वजह से विमान के अंदर बैठे लोगों में भी भय का माहौल था। एयरपोर्ट पर जब लोगों को विमान से बाहर निकाला गया, उसके बाद उन लोगों ने राहत की सांस ली।

बताया जा रहा है कि पायलट ने विमान के तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट के पास पहुंचने पर बम की धमकी की सूचना दी। विमान में कुल 135 यात्री सवार थे।

एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक किसी प्रकार के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। हवाई अड्डे का परिचालन फिलहाल निर्बाध रूप से जारी है। विमान को लेकर जो भी जानकारी मिली है।

## सियासी दलों की प्राथमिकता होनी चाहिए लड़कियों की सुरक्षा- उद्धव

**मुंबई।**

**उद्धव** ठाकरे ने कहा कि एमवीए द्वारा 24 अगस्त को आहूत बंद के पीछे कोई राजनीतिक मकसद नहीं है, महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग सोचते हैं कि बदलापुर की घटना के विरोध के पीछे राजनीति है, वे या तो सामान्य नहीं हैं या दोषियों को बचा रहे हैं।



बदलापुर के आदर्श एजुकेशन इंस्टीट्यूट के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण का मामला अब राजनीति गरमा गया है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा यह आरोप लगाए जाने के बाद कि बदलापुर में प्रदर्शनकारी राजनीतिक कार्यकर्ता थे, शिवसेना उद्धव गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और महागठबंधन सरकार की आलोचना की है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि एमवीए द्वारा 24 अगस्त को आहूत बंद के पीछे कोई राजनीतिक मकसद नहीं है, महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग सोचते हैं कि बदलापुर की घटना के विरोध के पीछे राजनीति है, वे या तो सामान्य नहीं हैं या दोषियों को बचा रहे हैं।

विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी (एमवीए) ने ठाणे जिले के बदलापुर स्थित एक स्कूल में दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न की घटना के विरोध में 24 अगस्त को महाराष्ट्र बंद का आह्वान किया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने बताया कि एमवीए के घटक दलों- कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) ने यहां एक बैठक में यह निर्णय लिया।

### बसपा की भागीदारी से 'भारत बंद' रहा सफल

## कांग्रेस और सपा दिखी उदासीन : मायावती

**लखनऊ। बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि बसपा की भागीदारी से भारत बंद अभियान सफल रहा। लेकिन सपा और कांग्रेस इसके प्रति उदासीन रही। इनकी जातिवादी सोच प्रमाणित हो गई।



बसपा प्रमुख मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि सुप्रीम कोर्ट के एससी एसटी आरक्षण के वर्गीकरण व क्रीमीलेयर के निर्णय से उत्पन्न रोष को लेकर कल हुए भारत बंद में बीएसपी की प्रभावी भागीदारी एवं एकजुटता की अपील से इसके सफल होने के लिए सभी को बधाई, किन्तु कांग्रेस-सपा आदि के इसके प्रति उदासीन रवैये से उनकी जातिवादी सोच प्रमाणित हो गई।

उन्होंने आगे लिखा कि कल बंद के दौरान पटना/बिहार में निर्दोष लोगों पर पुलिस की हुई लाठीचार्ज/बर्बरता अति-दुखद व निंदनीय है। सरकार दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करे। साथ ही, केन्द्र सरकार ह्लभारत बंदह्व के आयोजन के मद्देनजर आरक्षण के मुद्दे की संवेदनशीलता को गंभीरता से लेकर इसका शीघ्र उचित समाधान भी करे।

मायावती ने कहा कि देश में एससी एसटी वर्गों को आरक्षण के उनके हक को निष्क्रिय/निष्प्रभावी बनाकर अंततः उसे खत्म करने की सपा, कांग्रेस व भाजपा आदि के षड्यंत्रों से ये लोग कितने अधिक आक्रोशित हैं, यह कल के भारत बंद से साबित है। आगे भी उन्हें यह लड़ाई खुद ही अपने बल पर लड़नी होगी, तभी सही सफलता मिलेगी।

गौरतलब हो कि सुप्रीम कोर्ट के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को सब कैटेगरी बनाने के फैसले के विरुद्ध कई संगठनों ने 21 अगस्त को भारत बंद का ऐलान किया था। जिसका बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी समर्थन किया। बसपा के कार्यकताओं ने आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## थाने में दुबकी पुलिस, पत्थर फेंकते उपद्रवी... 50 पर FIR दर्ज कर एक्शन शुरू

**छतरपुर: मध्य** प्रदेश के छतरपुर में बुधवार को समुदाय विशेष के लोगों ने भारी बवाल किया था। वे लोग कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे थे। इसके बाद थाने को घेरकर पथराव शुरू कर दिया था। इसमें कई पुलिसकर्मी जख्मी हुए हैं। सीएम के निर्देश के बाद पथराव करने वाले लोगों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। 50 लोगों पर नामजद केस दर्ज किया गया है। साथ ही 200 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज हुआ है। आरोपियों के अवैध निर्माण को तोड़े जा रहे हैं।

रामगिरी महाराज पर कर रहे थे एफआईआर की मांग

दरअसल, समुदाय विशेष के लोग रामगिरी महाराज पर एफआईआर की मांग कर रहे थे। रामगिरी महाराज ने पैगंबर मोहम्मद और इस्लाम को निशाना बनाते हुए कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी को लेकर मुस्लिम समाज के लोग प्रदर्शन कर रहे थे। सारे प्रदर्शनकारी कोतवाली थाने पहुंच गए थे। डीआईजी ललित शाक्यवार ने बताया कि धार्मिक नेता सैय्यद हाजी अली और सैय्यद जावेद अली के नेतृत्व में करीब 300-400 लोग ज्ञापन सौंपने के लिए पुलिस थाने आए थे।

वे रामगिरी महाराज के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग कर रहे थे, जिन पर पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर महाराष्ट्र में पहले से ही कई प्राथमिकी दर्ज हैं।

## यूपी के वो रेप कांड जिन्होंने माया, अखिलेश से लेकर योगी सरकार तक को हिलाकर रख दिया

**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश में कोलकाता के आरजी कार मेडिकल कॉलेज में रेप और हत्या के आक्रोश गहराया हुआ है। डॉक्टर के गैंगरेप के बाद मर्डर की घटना ने हर वर्ग को परेशान कर दिया है। डॉक्टरों का गुस्सा भड़का है। अस्पतालों में कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मरीजों के इलाज में दिक्कत आ रही है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी इस मुद्दे पर घिरती दिख रही हैं। उनसे इस्तीफे की मांग हो रही है। ममता सरकार पहली बार देशव्यापी विरोध का शिकार हो रही है। हालांकि, उत्तर प्रदेश में इस प्रकार की घटनाओं को लेकर पहले बवाल मच चुका है। यूपी में मायावती, मुलायम सिंह यादव से लेकर अखिलेश यादव, योगी आदित्यनाथ सरकार के दौरान ऐसे मामले सामने आए, जिसने उन्हें हिलाकर रख दिया।

मुलायम सरकार में कविता हत्याकांड

बुंलदशहर के घंसूरपुर की निवासी डॉ. कविता रानी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की फाइन आर्टस विभाग में लेक्चरर के पद पर कार्यरत थी। कविता विश्वविद्यालय के कैंपस में इंदिरा गांधी वर्किंग हास्टल में रहती थी। दीपावली के बाद वह घर से 23 अक्टूबर 2006 को हॉस्टल के लिए रवाना हुई, लेकिन वहां नहीं पहुंची। उसके भाई सतीश ने 29 अक्टूबर को बुलंदशहर में गुमशुदगी का केस दर्ज कराया। पुलिस जांच में पता चला कि यह मामला हाईप्रोफाइल है। जांच में कविता की हत्या का मामला सामने आया है। हत्याकांड ने यूपी में सियासी तूफान मचा दिया था। वजह, तत्कालीन सपा सरकार में बेसिक शिक्षा मंत्री किरण पाल, राष्ट्रीय लोकदल के आगरा से विधायक एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री बाबूलाल और सिंचाई मंत्री रहे डॉ. मेराजुद्दीन का नाम जुड़ा था।

जांच में खुलासा हुआ कि कविता चार मोबाइल फोन इस्तेमाल करती थी। इसमें से एक उसके नाम और बाकी दूसरों के नाम से थे। यह भी पता चला कि एक सितंबर से 23 अक्टूबर 2006 के बीच कविता और तत्कालीन मंत्री बाबूलाल के बीच 857 बार बातचीत हुई। इस दौरान कविता की 34 बार मंत्री किरण पाल से भी बातचीत हुई थी। इस खुलासे के बाद मायावती मंत्री बाबूलाल ने इस्तीफा दे दिया। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि हत्याकांड से पल्ला झाड़ा था। हत्याकांड में नाम आने के बाद पूर्व मंत्री डॉ. मेराजुद्दीन ने रालोद से इस्तीफा दे दिया। पुलिस ने इस मामले ने रविंद्र प्रधान, योगेश, सुलतान, रविंद्र ड्राइवर और अशोक को गिरफ्तार किया था।




10 जनवरी 2007 को मामला सीबीआई को सौंप दिया गया। सीबीआई ने 23 मार्च 2007 को पांचों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। चार हाई प्रोफाइल लोगों के पक्ष में क्लोजर रिपार्ट दाखिल की। सीबीआई ने डॉ. कविता रानी की हत्या से संबंधित कोई तथ्य नहीं जुटा सकी। हालांकि, सीबीआई ने हाई प्रोफाइल लोगों के साइंटिफिक टेस्ट कराए थे। यह मामला मुलायम सरकार के कार्यकाल के हाईप्रोफाइल केस में से एक था। इसको लेकर यूपी सरकार पूरे देश में चर्चा में आई थी।

मायावती काल का शशि हत्याकांड

22 अक्टूबर 2007 को लॉ की छात्रा शशि के लापता होने का मामला सामने आया। 23 अक्टूबर को अयोध्या कोतवाली में गुमशुदगी का केस दर्ज कराया गया। 27 अक्टूबर को तत्कालीन खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री आनंद सेन के निजी ड्राइवर विजय सेन से इस मामले म पूछताछ की गई। 30 अक्टूबर को विजय सेन और आनंद सेन की करीबी महिला सीमा आजाद पर शशि के अपहरण का केस दर्ज किया गया। पूछताछ में विजय सेन ने पहली बार कबूला कि शशि मर गई है। इसी दिन आनंद सेन का तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने इस्तीफा ले लिया।

सुल्तानपुर के चकारी गांव से मल्लाह बब्बू पासी के घर से शशि की घड़ी बरामद की गई। पुलिस ने अपहरण के मुकदमे को हत्या में तब्दील किया। इसके बाद बैंगलोर में विजय सेन का नार्को टेस्ट हुआ, जिसमें उसने सारी कहानी कह डाली। सीमा आजाद 8 जून 2008 को कानपुर से गिरफ्तार की गई। 14 जून को आनंद सेन ने लखनऊ के गाजीपुर थाने में सरेंडर किया। उये जेल भेज दिया गया। इस हत्याकांड की आंच मायावती तक पहुंची थी। पीड़िता के परिवार को धमकाने का आरोप तक लगा था।

गायत्री प्रजापति पर रेप केस

2017 में गायत्री प्रजापति पर रेप का आरोप लगा रहा था। अखिलेश यादव सरकार इस घटना को लेकर बुरी तरह घिरी थी। मुलायम सिंह के करीबी गायत्री प्रसाद प्रजापति और छह लोगों के खिलाफ चित्रकूट की महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ गैंगरेप का आरोप लगाया था।

# मऊआइमा कस्बा में निकला कैंडल मार्च

## डाक्टर के साथ दरिंदगी पर लोगो मे आक्रोश



अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के युवाओं द्वारा पश्चिम बंगाल में हुए डॉक्टर के साथ जघन्य गैंग रेप में अपराधियों को सख्त सजा दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकाला कस्बा के जहाजी बिल्डिंग से तीन बत्ती नाटी इमली से लेकर बैरहना चौराहा गांजिया बाजार चुनौंटा कुआं , मियां जी का पूरा होते हुए बैंक ऑफ बडौदा आदि स्थानों पर भ्रमण किया गया। कैंडल मार्च में पंकज सिंह चौहान रवि शंकर , अनिल सोनी , उमंग गुप्ता, आकाश गुप्ता ,सचिन पटेल चंद्रजीत यादव ,महेश रोहित रवि गुप्ता , दिनेश मौर्या, जय सिंह मौर्या, विजय गौत आदि लोग कैंडल मार्च में शामिल रहे।

## गाय बचाने में बाइक सवार घायल

**मांडा।** राज मार्गो पर अवारा गायों के जमावड़े से वाहन चालको एवं राहगीरो को सड़को पर चलना दुश्वार हो गया हैं ' सड़को पर अवारा गायों की शाम होते ही जमावड़ा लग जाती हैं ' जिससे आए दिन वाहन चालक पशुओ को बचाने में अपनी जान गवा दिए तथा गंभीर रूप से घायल होकर अस्पतालों में दस्तक दे रहे हैं ' ऐसे ही गुरुवार दोपहर बाद मांडा थाना क्षेत्र के टिकरी गांव के समीप बाइक सवार शिव चन्द्र उम्र (30), माँ तुलसी देवी उम्र (60),पिता हीरा लाल उम्र (65) निवासी लखनपुर, भदराव ने अपने घर से मौसी को देखने राम नगर प्राइवेट अस्पताल जा रहा था ' कि जैसे टिकरी गांव के समीप प्रयागराज मिजार्पुर राज मार्ग पर पंहुचा वही सामने अवारा गाय अचानक आ गई ' बाइक सवार ने गाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया और तीनों लहूलुहान सड़क पर गिरा देख रहागीरो ने आनन फानन में मांडा सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया ' डॉ. ने बताया कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल है जिनका इलाज चल रहा हैं।

# कुल्हड़ दोना पत्तल और कटोरा बनाने के कारोबार के लोगों को शिवसेना प्रदेश सचिव की अनूठी पहल

**मेजा।** शिवसेना प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी के द्वारा सेवा और रोजगार की एक अनूठी पहल की शुरूआत किया है जिसकी सभी जाति एवं धर्म के लोगों में बेहद सराहनीय कार्य है। उल्लेखनीय है कि मुसहर, कुम्हार, नाई एवं अन्य जो दोना पत्तल, कुल्हड़ , कटोरा बना कर अपना जीवन यापन करते हैं उन्हे गुरुवार को 1 बजे ॐ नमः शिवाय महाराज जी के आश्रम गऊघाट में मेलाधिकारी कुम्भ प्रयागराज के नेतृत्व में सम्मानित कराकर उनको रोजगार और उत्थान हेतु पहल की गई। गौरतलब है कि इनके सामाजिक,आर्थिक उत्थान, रोजगार एवं सम्मान हेतु जो प्रयास श्रीमती तिवारी ने अपने ग्राम प्रधान कार्यकाल से जारी किया है, उनको शौचालयों एवं आवासो के साथ अब महाकुंभ में दोना पत्ततल तैयार कराकर रोजगार के द्वारा आर्थिक उन्नति का प्रयास किया जा रहा है। मेलाधिकारी

**नाई कुम्हार मुसहर एवं दोना पत्तल कुल्हड़ कटोरा के कारोबारियों प्राप्त होंगे रोजगार के अवसर,होगा आर्थिक एवं सामाजिक विकास ऊंचा होगा**

महाकुंभ द्वारा रुचि अभिषेक तिवारी की प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ की मांग स्वीकार कर यह घोषणा की गई है। बता दें कि मुसहर, कुम्हार एवम् इस कारोबार से जुड़े लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस मौके पर ओम नमः शिवाय आश्रम के महाराज महा मण्डलेश्वर किन्नर अखाड़ा कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना माँ ,अपर मेला अधिकारी कुम्भ दयानन्द प्रसाद, मेला प्रबंधक विवेक शुक्ला, उप जिलाधिकारी मेला अभिनव पाठक, तथा शिवसेना के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### बाजार में स्थित कुआं बना मौत का कारण, अधेड़ की गई जान

**फूलपुर थाना क्षेत्र के मैलहन बाजार में हुई घटना**



**फूलपुर।** बाजार में सामान लेने गया अधेड़ अचानक दुकान के पास स्थित कुएं में गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गई। फूलपुर थाना क्षेत्र के मैलहन गांव निवासी नंदलाल गौतम 48 गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे किसी काम से मैलहन बाजार गया था। अभी वह दुकान पर सामान ले ही रहा था की अनियंत्रित होकर पास स्थित कुएं में लड़खड़ाकर गिर गया। शोर मचने पर घटनास्थल के पास आस -पास के दुकानदारों के साथ ही ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों द्वारा आनन- फानन में कुएं में गिरे अधेड़ को निकालने की कवायद शुरू हुई। परन्तु जब तक ग्रामीण उसे निकाल पाते तब तक काफी देर हो चुकी थी। पानी में डूबने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में हाहाकार मच गया। मृतक नन्दलाल के दो पुत्र व तीन बेटियां हैं। जिसमें से एक बेटा व एक बेटी अविवाहित हैं। स्थानीय ग्रामीणो ने बताया की सैकड़ों वर्ष पुराना उक्त कुआं का पानी अब इस्तेमाल नहीं होता। परन्तु बाजार के बीचों बीच होने से आएं दिन घटना की आंशका बनी रहती थी।

### दिल्ली के छात्रों ने सात दिवसीय रूरल इमर्शन प्रोग्राम किया आयोजन



**मांडा।** लाल बहादुर शास्त्री पॉलीटेक्निक मांडा मे लाल बहादुर शास्त्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट दिल्ली के छात्रों ने 7 दिवसीय रूरल इमर्शन प्रोग्राम के तत्वाधान में स्थानीय मांडा बाजार मे जाकर व्यापारियों से बातचीत कर उनके व्यवसाय और अर्थव्यवस्था को समझा इसके साथ ही मांडा के प्राइमरी स्कूल में जाकर प्रधानाचार्य नरेन्द्र गौतम तथा वहा अध्यनरत बच्चों से मुलाकात कर शिक्षा व्यवस्था व आंगनबाड़ी की गतिविधियों कि जानकारी प्राप्त किया ' इसी क्रम मे छात्रों ने खण्ड शिक्षा अधिकारी मांडा राजीव प्रताप सिंह से मुलाकात की। छात्रों के दल ने पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की कोठी का भ्रमण किया और यहाँ के ग्रामीणों से वातार्लाप करके यहाँ के बारे मे जाना । छात्र मांडव्य ऋषि आश्रम भी गए जहाँ उन्होंने वहा की भौगोलिक स्तिथितियो के साथ कृषि व्यवस्था को भी जाना।

### रेलवे पटरी पर छाता लेकर सो रहे अधेड़ का वीडियो हुआ वायरल ट्रेन पायलट ने रोकी ट्रेन



**मऊआइमा।** रेलवे पटरी पर छाता लगा कर सो रहा अधेड़ को ट्रेन आने की खबर नहीं चालक ने ट्रेन रोक कर उठाया। उक्त मामला का वीडीयो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रयागराज से मऊआइमा होते हुए प्रतापगढ़ की ओर जा रही एक ट्रैन जब मऊआइमा रेलवे क्रासिंग के पास से गुजरी और फ्लाइओवर ब्रिज के निकट पहुंची तो चालक ने देखा कि एक व्यक्ति छाता लेकर पटरी पर सो रहा है।चालक ने मानवता देखाते हुए ट्रेन रोक कर उसे उठाया।और फटकार कर भगाया फिर ट्रेन को प्रतापगढ़ की ओर लेकर चला गया। उक्त घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसे लेकर क्षेत्र में चर्चा बना हुआ है। बताया गया है कि उक्त घटना गुरुवार को दोपहर की है।

# आठवीं के छात्र की आत्महत्या पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शिक्षक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का लगा आरोप**

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा प्रताड़ित किए जाने पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले छात्र के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार शाम प्रधानाध्यापक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया। मृतक छात्र के पिता ने आरोप लगाया की विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ ही अन्य शिक्षकों द्वारा उनके पुत्र को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया जिससे छुब्ध होकर उसने फांसी लगाकर अपनी जान गंवा दी। बता दें की सराय ममरेज थाना क्षेत्र के हरीपुर पट्टी गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा का पुत्र हार्दिक विश्वकर्मा जलालपुर मुर्तका गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में आठवीं का छात्र था। आरोप है की मंगलवार को वह विद्यालय में पढ़ने गया था तभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल भारतीया व अन्य शिक्षकों द्वारा हार्दिक को मारने पीटने के साथ ही उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया जिसपर छात्र पढ़ाई के समय ही घर भाग आया। इसी दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय के अन्य छात्रों के जरिए हार्दिक का स्थानांतरण प्रमाणपत्र उसके घर भिजवा दिया गया। जिससे छुब्ध होकर छात्र हार्दिक ने बुधवार को दोपहर करीब ढाई बजे घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने मृतक छात्र के शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही आरोपी प्रधानाध्यापक के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया। वहीं घटना से आहत परिजनों ने पीएम के बाद मृतक छात्र का अंतिम संस्कार कर दिया।

# ग्राम पंचायत की खुली बैठक में प्रधान के तीन वर्षों के विकास कार्यों की उपलब्धियों को सचिव ने गिनाया

## ग्राम पंचायत मेडरा विकास के पथ पर है अग्रसर - शुशांतु पांडेय

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** गांव की खुली बैठक में ग्राम प्रधान रामधारी उर्फ कल्लू बिंद ने बीते तीन वर्ष में किए गए विकास कार्यों इंटरलाकिंग,नाली खड़ंजा चकमार्ग के कार्यों को प्रमुखता से गिनाया। बैठक में नए कार्यों पर प्रस्ताव भी किया गया।

उल्लेखनीय है कि विकास खंड मेजा के मेडरा ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में मेजा ब्लाक के समाज कल्याण अधिकारी शुशांतु पांडेय की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित हुई खुली बैठक में ग्राम सचिव विकास जायसवाल ने प्रधान रामधारी बिंद उर्फ कल्लू नेता के द्वारा विगत तीन वर्षों में ग्राम पंचायत में किए गए विकास कार्यों जैसे शिवाराम के घर से रमापति के घर तक,राजेश के घर से रामसजीवन के घर तक,मोहन लाल के घर से भुलई के घर तक,राजेश के घर से हैंडपंप तक,पंचरतन के घर से मंदिर तक,पीडब्ल्यूडी रोड से श्याम नारायण यादव के घर तक,अमरनाथ के घर से विश्वकर्मा बस्ती तक,अजय कुमार के घर से ट्रांसफार्मर तक तथा वसंत लाल के घर से मंदिर होते हुए चिंता के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य,गांव के नाला पर पुलिया निर्माण,इंद्रबहदुर के घर से नाला तक,कल्लन के घर से रामदेव यादव के घर तक,तथा बिंद बस्ती में चकामार्ग नंबर 48 से मंदिर तक पक्की नाली निर्माण ,विष्णु शुक्ला के घर से कानता के चक तक, कांता के घर से कूंची बार्डर तक,प्राइमरी स्कूल से कब्रिस्तान तक,नाला से बरहा माइनर तक, लक्षनधारी के चक से नाला तक तथा वसंत लाल के घर से नाला तक कच्चा चकमार्ग। प्राथमिक विद्यालय मेडरा का कायाकल्प,इसके अतिरिक्त पंचायत भवन के हंडापंप का फाउंडेशन एवं सीसी कैमरा,ब्राह्मण बस्ती में देवस्थल पर हैंडपंप का कार्य,आरसी सेंटर कूड़ा घर के अलावा पीडब्ल्यूडी से कूंची मार्ग रिपेयर कार्य आदि विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाई और शासन के द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तार से फोकस किया। इस दौरान ग्राम सचिव श्री जायसवाल ने पीएम आवास के लिए ग्रामीणों को पत्रता का मानक समझाते हुए जहांकई नए प्रस्ताव भी पारित किए वहीं एडीओ समाज कल्याण शुशंतु पांडेय ने बैठक उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेजा का मेडरा ग्राम पंचायत विकास के पथ पर अग्रसर है। इस मौके पर बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं एवं पुरुष खुली बैठक में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# चौहर कजरी महा मुकाबला दसवार गांव मे कजरिहवा तालाब पर कार्यक्रम सम्पन्न

**वैदिक सेना प्रमुख ने कजरी गीतकारों का किया उत्साह वर्धन**

अखण्ड भारत सन्देश



**मांडा।** भारत की संस्कृति एवं कजरी का त्यौहार को लुप्त होते देख मांडा क्षेत्र के लोगों ने दसवार गांव में स्थित कजरिया हवा तालाब पर कजरी जीत का आयोजन किया जिसमें कजरी गीत के दूर-दूर से कलाकारों ने पहुंचकर कार्यक्रम में प्रतिभा जी किया। मांडा क्षेत्र के दसवार गांव में भारत की संस्कृति एवं कजरी का त्यौहार को लुप्त होते देखा दसवार गांव में स्थित कजरिहवा तालाब पर कजरी गीतकारों का चौहर कजरी महा मुकाबला का आयोजित किया गया ' जहां कि चौहर कजरी महा मुकाबला दसवार गांव मे हो रहे कार्यक्रम के शुभ अवसर पर वैदिक सेवा प्रमुख श्याम नारायण भार्गव ने पहुंचकर कजरी गीतकारों का उत्साह वर्धन किया और समाज में फैल रही कुरीतियों को सुधारने के लिए प्रोत्साहित किए' वैदिक सेवा प्रमुख श्री भरगावों ने कहा जहां समाज में हो रहे उत्पीड़न अन्य के लिए 112 बाद में पहुंचेगी लेकिन वैदिक सी पहले न्याय के लिए पहुंचेगी कार्यक्रम में वैदिक सेवा के जिला अध्यक्ष मिजार्पुर भूपेश नारायण पांडे वैदिक सी महामंत्री दयाशंकर मिश्र महासचिव सुखसागर में जिला मंत्री मनोज कुमार पांडे आदि कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। वैदिक सेवा प्रमुख श्री नारायण भार्गव ने वन्दे भारत लाइव टीवी न्यूज के संवाददाता कन्हैयालाल मिश्रा को माल्यार्पण कर स्वागतकिया।

# उपवर्गीकरण के विरुद्ध में उतरे राजनैतिक दल, निकाला जुलुस




**मांडा।** एससी, एसटी वर्ग में उपवर्गीकरण के विरोध में विभिन्न राजनैतिक दलों व गैर राजनैतिक संगठनों द्वारा भारत बंद का आह्वान किया गया था। जिसके समर्थन में मेजा तहसील के काफी अधिवक्ताओं व नागरिकों ने जुलूस निकाला। बुधवार को यह जुलूस मांडा खास, मांडा रोड राजमार्ग के तहसील मुख्यालय से निकल कर ग्राम न्यायालय ले जाया गया। उसके बाद पुनः तहसील मुख्यालय आकर अधिवक्ताओं ने अपना ज्ञापन एसडीएम दशरथ को सौंपा। जुलूस के दौरान अधिवक्ताओं ने कार नारे लिखी तख्तियां ली हुई थी। जुलूस का नेतृत्व कर रहे बार एसोसिएशन मेजा के पूर्व महामंत्री ने कहा कि एससी, एसटी में उपवर्गीकरण उनकी ही नहीं ऐप पर पढ़ें देश की अखंडता के लिए भी घातक है। वही बसपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री के आह्वान पर बसपाइयों ने तहसील मुख्यालय पहुंच राष्टपति को संबोधित पत्र एसडीएम मेजा दशरथ कुमार को सौंप आरक्षण संबधी फैसला वापस लेने की बात कही। पूर्व विधान सभा अध्यक्ष सुरेश गौतम की अगुवाई में तहसील प्रांगण पहुंचे सैकड़ों कार्यकताओं ने एससी एसटी एकता जिन्दाबाद का नारा देते हुए आवाज बुलंद की है। बाबा साहब देश में समता मूलक समाज की स्थापना के लिए जो संविधान बनाया था, उसका उल्लंघन किया गया है। इस आदेश का वापस लिया जाना चाहिए। इस आदेश के खिल अगला मायावती ने कई बार मीडिया से मिल आशंका जताई है कि आदेश से एससी एसटी वर्ग के लोग प्रभावित होंगे। यह अधिकार देश के राष्टपति को है कि वह कानून में संशोधन कर सकती हैं। वर्गीकरण होने पर संघर्ष बढ़ेगा। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से अमरेश सोनकर,बृजेश कुमार सोनकर,चन्द्रकेश गौतम, आनंद जैसल अधिक चन्द्रकांत जैसल, अनिल गौतम, धीरेन्द्र राव, पियुष राव, विशाल गौतम सहित कई बसपा नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आधार कार्ड अपडेट कराने को लेकर उमस गर्मी में लोग परेशान




**कोरांव।** सरकार की विभिन्न योजनाओं में आधार कार्ड की अनिवार्यता,संशोधन, अपडेट आदि के का कार्य अनिवार्य रूप से कराए जाने को ले कर जनता त्रस्त है। सरकार को चाहिए कि आधार कार्ड बनाने वाली जितनी एजेंसियां थी जिन्होंने सहज जन सेवा केंद्रों को अपना फ्रेंचाईजी बनाया था बंद किए जाने से नागरिक कुछ गिने चुने केंद्रों पर ही बनाए जाने की व्यवस्था से अत्यधिक भीड़ उमड़ गई है लोग बच्चों, वृद्धों,महिलाओं को लाइन में धूप में खड़े खड़े अपनी बारी के इंतजार हेतु दिन दिन भर खड़े हैं। फिर भी कुछ ही लोगों का अपडेट का कार्य हो पता है वरना बैरंग वापिस लौटना पड़ता है। कई लोग बीमार भी जो जा रहे। दरअसल एपडेटिंग का कार्य ब्लॉक स्तर पर स्थापित डाक घरों में भी ही रहा है। किंतु वहां आए दिन सर्वर की समस्या बनी रहती है,जिससे दूर दराज से लोग आ जा कर बैरंग वापिस लौट जा रहे हैं। उनका किराया भी खर्च हो रहा है मजदूरी दिन दिन भर की को क्षति हुई वह अलग। कोरांव का डाकघर बहुत पुराने जमाने से तंग गली में होने से वहां एसी आदि की व्यवस्था न होने से लोग और कर्मचारी त्रस्त हैं। बीएसएनएल का केबिल खराब होने से दी दिन से निरंतर कोई आप्रेटर इंजिनियर न आने से कार्य बाधित है। जिससे लोगों का नुकसान हो रहा है। बताया जाता है कि आधार कार्ड बनाने और एपडेटिंग के लिए कुछ केंद्र एनपीआरसी स्तरीय बनाए गए थे जिनकी जिम्मेदारी सरकार ने श्रीटान इंडिया को दी थी। और उसने अपने फ्रेंचाईजी को दी थी। किंतु चर्चा है कि फ्रेंचाईजियों ने ऑपरेटरों का शोषण करने लगे तो जनता में नाराजगी होने लगी। और शिकायतों के पश्चात विद्यालई आधार अपडेट वाले केंद्र बंद कर दिए गए। जिससे जनता को और भी समस्या उठानी पड़ रही है। यदि सरकार अपडेटिंग का कार्य अनिवार्य रूप से जरा रही है तो जनता को साहुलियतों का भी ध्यान देना चाहिए। उक्त अव्यवस्था से सरकार की किरकिरी जनता के बीच में होने लगी है। पहले गांव सभा स्तर पर नहीं तो न्यायपंचायत स्तर पर सीएससी केंद्रों पर आधार अपडेटिंग का कार्य सुचारु रूप से किए जाने की व्यवस्था भारत सरकार और प्रांतीय सरकारों को करना चाहिए। बैंको पर भीड़ के साथ साथ छुट्टा जानवर भी लोगों के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। कई लोग चोटहिल भी हो रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि बच्चों का ज्यादातर फिंगर नहीं लग पा रहा,जिससे कई कई बार उक्त केंद्रों का चक्कर लगा रहे हेड लोग। कोरांव की जनता ने कोरांव डाकघर खुले स्थान पर स्थापित करने अथवा नई बिल्डिंग बनवाने और सर्वर की फाल्टिंग तत्काल ठीक कराने की मांग की है।

# तीन साल से निरंतर पत्र लिख कर जीएस लैंड अवैध कब्जा मुक्त आवंटन की मांग करती आ रही भूमि प्रबंधन समिति

**मुख्यमंत्री,आयुक्त,डीएम, एडीएम समाधान दिवस,सीएम हेल्प लाइन, आईजीआरएस,में शिकायतें टांय टांय फिस,**



**कोरांव।** भूमि विवाद फौजदारी से लेकर जीएस लैंड की अवैध अतिक्रमित जमीनों से संबंधित समस्याएं जनसुनवाई पोर्टल और समाधान दिवसों में सबसे ज्यादा देखने को मिलती हैं। जनसुनवाई करने वाले अधिकारी अपने ही विभाग की ज्यादा दिकायतों का निस्पक्छ और स्वतंत्र तथा त्वरित सम्पूर्ण निस्तारण नहीं कर पाते जो चर्चा का विसय है।तहसील कोरांव के कई ग्राम पंचायतों में भूमि प्रबंधक समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान अपनी ही अंग के सचिव लेखपाल से त्रस्त हैं। सहयोग न मिलनें से ग्राम समाज की संपत्तियों का दोहन हो रहा है। पत्राचार के बावजूद कोई तहसील का अधिकारी ध्यान नहीं देता जिससे ग्राम पंचायतें असहाय दिख रही हैं। ग्राम पंचायत अल्हवा के ग्राम प्रधान/अध्यक्ष भूमि प्रबंधक समिति ने वर्ष 2021से निरंतर जीएस लैंड के अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त कराने और पात्रों भूमिहीनों को आवंटन के लिए कार्यवाही कर भू अभिलेखों में उनके नाम अंकित कराने की मांग करते आ रहे किंतु कोई अमल नहीं हो रहा। ग्राम प्रधान अध्यक्ष भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा के मुताबिक सीएम से ले कर कमिश्नर, डीएम, एडीएम वित्त एवं राजस्व सीआरओ और तहसील दिवस थाना दिवस जनता दर्शन जनसुनवाई में पत्र व्यवहार करते आ रहे किंतु अभी तक आवंटन नहीं हो पाया। इस संबंध में ग्राम प्रधान ने उक्त पत्रों के सापेक्ष कृत कार्यवाही की जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत वांछित सूचनाएं मांग ली है। ताकि हाईकोर्ट इलाहाबाद में उक्त अमल न करने वाले तहसील कोरांव और जिला प्रशासन के विरुद्ध याचिका दाखिल की जा सके। जब की सासन ने भी ग्राम सभाओं में चक रोड,नाली, रास्ते, खलिहान, बंजर,नवीन परती,नदी, नाले आदि सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे खाली कराए जाय। लेकिन सासन आदेश का भी उल्लंघन हो रहा है। एसडीएम और तहसीलदार कोरांव ने ग्राम प्रधान की बातों को तो सुन लिया परंतु अमली जामा अभी तक नहीं पहना पाए जो ग्राम पंचायतों का अपमान और उनके अधिकारों का हनन है। और भू माफियाओं को बढ़ावा देना है।

## विधुत कार्य के चलते आज 6 घंटे नहीं मिलेगी विजली



**फूलपुर।** फूलपुर तहसील के लोचनगंज व टाउन द्वितीय के साथ ही बादशाहपुर फीडर के ग्रामीण क्षेत्रों में आज छह घंटे विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए फूलपुर उपखंड अधिकारी प्रांजल मिश्रा ने बताया की उक्त फीडरो के अन्तर्गत लगे पोल एवं तारों को दिन के 11 बजे से शाम 5 बजे तक बदलने का काम किया जाएगा। ऐसे में छः घंटों के लिए शट डाउन की आवश्यकता के चलते इन क्षेत्रों में विधुत सप्लाई बाधित रहेगी।

# मौत' का हाईवे बनता जा रहा रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग

**नेशनल हाईवे में दरार, हादसे का खतरा**

**राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के ठेकेदार की लापरवाही से हो रहे हैं हादसे**



**कौंधियारा।** रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग नेशनल हाईवे शहर के पास डांडी से चाकघाट की सीमा तक 42 किलोमीटर तक बनाया गया फोरलेन हाईवे दुर्घटनाओं की वजह से मौत का हाईवे बनता जा रहा है। इस हाईवे पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। कई जगह दो से तीन इंच तक दरारें पड़ गई हैं। इन गड्ढों में फंसकर दो पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। साथ ही हाईवे पर बैठे बेसहारा गोवंश राहगीरों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। आए दिन हो रही दुर्घटना में लोग जान गंवा रहे हैं। हाईवे के रख-रखाव के लिए सरकार प्रतिवर्ष करोड़ों ड्ड रुपये खर्च करती है लेकिन मात्र खानापूर्ति की जा रही है। सड़क का रखरखाव न होने न से भी राहगीरों को परेशानी हो रही है। न जगह-जगह लगे संकेतक खराब हो गए हैं। तमाम जगह लगे इंडिकेटर काम नहीं कर रहे हैं। डिवाइडर पर लगी रेलिंग जगह- जगह टूट गई है। हाईवे पर लगी स्ट्रीट लाइट भी नहीं जलती हैं। इन सब वजहों से रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। लेकिन संबंधित अधिकारियों को जैसे कोई परवाह नहीं है।ठेकेदार की मिलीभागत से अधिकारीयों की बल्ले बल्ले है।

# काजीपुर मुहल्ले में खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग, छात्रा समेत पाँच लोग झुलसे

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी क्षेत्र के काजीपुर मुहल्ले में बुधवार की रात्रि में किराये के मकान में रहने वाली प्रतियोगी छात्रा के कमरे में खाना बनाते समय पेट्रोमैक्स सिलेंडर में लगी आग के बाद हुए धमाके की चपेट में आने से छात्रा के साथ उनके बचाव में आये पड़ोसी समेत पाँच लोग झुलस गए जिसमे एक कि हालात अत्यंत गम्भीर है। सूचना पर पहुँची फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुँची। काफी देर के प्रयास के बाद फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू पाया। जिसके बाद एम्बुलेंस की सहायता सभी घायलों को इलाज के लिये स्वरूपरानी अस्पताल भिजवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के काजीपुर मुहल्ले में संगम लाल प्रजापति के मकान में किराये पर मेजा की रहने वाली अंजली और प्रियंका प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करती है। बुधवार की रात करीब आठ बजे दोनों छात्रा अपने कमरे में पेट्रोमैक्स सिलेंडर पर खाना बना रही थी। सिलेंडर पर सब्जी चढ़ाकर दोनों छात्राएं पढ़ने लगी ,इसी दौरान सिलेंडर में आग लग गई। दोनों छात्राएं शोर मचाने लगी। शोर की आवाज सुनकर पड़ोसी मदद के लिये पहुँचे। उनलोगों के पहुँचने पर सिलेंडर में लगी आग के कारण सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने से हुए धमाके के कारण छत और दिवाल क्षतिग्रस्त हो गया। आग की चपेट में आने से छात्रा अंजली और प्रियंका झुलस गई साथ ही मदद के लिये पहुँचे पड़ोसी आजाद पटेल, ऋषभ पटेल, सोनी भी आग की चपेट में आने से झुलस गए। सूचना मिलने पर दो फायर ब्रिगेड की गाड़ी द्वारा पहुँचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,जिसके बाद मौके पर पहुँची एम्बुलेंस द्वारा घायल पांच लोगों को इलाज के लिये स्वरूपरानी अस्पताल भिजवाया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूल सवार युवक घायल, हालत गंभीर

**मेजा।** अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में घायल को अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना में घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। मेजा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सिरसा के गुडहट्टी मोहल्ला निवासी वैभव जायसवाल ने मेजा थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके चाचा हीरालाल जायसवाल उर्फ बबलू पुत्र स्वर्गीय लखन लाल जायसवाल अतरसुईया प्रयागराज रहते हैं। बीते 20 अगस्त को सुबह तकरीबन 10 बजे के आसपास स्कूटी से वह अपने पैतृक घर सिरसा प्रयागराज आ रहे थे। जैसे ही वह मेजा थाना क्षेत्र के टिकुरी समहन गांव के समीप पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में अस्पताल भिजवाया जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर मेजारोड चौकी के उप निरीक्षक सचिन गुप्ता भी मौके पर मय फोर्स पहुंचे और क्षतिग्रस्त स्कूटी को अपनी कस्टडी में रखा लिया है।

## कमीशनखोरी के चलते भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के तमाम ग्राम पंचायतों की सफाई व्यवस्था चौपट

**प्रयागराज।** भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के तमाम ग्राम पंचायतों की सफाई व्यवस्था चौपट हो चुकी है। बदहाल सफाई व्यवस्था के चलते विभागीय अधिकारियों के निष्ठा पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विभागीय अफसर सफाई कर्मियों के द्वारा किए गए कार्यों की गुणवत्ता को परखने के लिए ग्राम पंचायतों का भ्रमण नही करते और ब्लाक में बैठकर सही तरीके से साफ-सफाई किए जाने की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी जाती है जिसके चलते बहुत से सफाई कर्मी कामचोर और बेलगाम हो गए हैं। विभागीय अफसर ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेने नही जाते इसलिए बेलगाम और कामचोर सफाई कर्मी तैनाती स्थल पर महीने-महीने भर नही पहुंचते हैं।ग्राम पंचायतों में महीने-महीने भर नही पहुंचने वाले सफाई कर्मी कभी-कभी ग्राम पंचायतों में पहुंचते भी हैं तो सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति कर वापस चले जाते हैं और अधिकारियों के सहयोग से घर बैठकर सफाई कर्मी प्रतिदिन सफाई किए जाने के हिसाब से हर महीने सरकार से मोटा वेतन लेने में कामयाब हो जाते हैं। सही तरीके से साफ-सफाई किए बिना सरकार से हर महीने मोटा वेतन लेने वाले सफाई कर्मियों के ऊपर विभागीय अफसर भी मेहरबान हैं जिसके चलते कामचोर और निरंकुश सफाई कर्मियों की मौज ही मौज है।विभागीय अफसर का अभयदान प्राप्त होने के चलते सफाई कर्मी ग्राम पंचायतों में सफाई नही करते जिसका खामियाजा भी ग्रामीणों को उठाना पड़ता है। साफ-सफाई के नाम पर सफाई कर्मियों को वेतन के रूप में दी जाने वाली धनराशि अधिकारियों के मिलीभगत से दुरुपयोग हो रहा है। यदि उच्चाधिकारियों द्वारा भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायतों की सूक्ष्म जांच करा ली जाए तो कौन सफाई कर्मी कितना काम करता है और सफाई किए बिना वेतन के रूप में सरकारी रकम हजम करने वाले सफाई कर्मियों की भी पोल खुल जाएगी।

# वेदपाठी की गंगा डूबने से मौत



अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** गंगा नहाने गए वेदपाठी की गंगा में डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुची पुलिस ने छात्र के परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। छात्र मध्य प्रदेश का रहने वाला था। मध्य प्रदेश के रीवा जिले के रहने वाले शिवांशु त्रिपाठी 17 झूंसी के योगानंद आश्रम में दसवीं का छात्र था। आश्रम में ही रहता था। गुरुवार को वह अपने कुछ साथियों के साथ रेलवे पुल के पास गंगा स्नान करने गया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा जब तक बचाव के लिए लोग पहुचे वह उफनाई गंगा में डूब गया। सूचना पर जल पुलिस के साथ पहुचे गोताखोरों ने घण्टे भर बाद वेदपाठी शिवांशु के शव को बाहर निकाला गया। शिवांशु की मौत से आश्रम में शोक है।

## करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत घर में मचा कोहराम

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बसगित गांव में करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर की मौत से परिजनो में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है। बसगित दरियापट्टी थाना उतरांव निवासी मोतीलाल हरिजन जो वृद्धावस्था में है। उनका बेटा लाल जी हरिजन 27 वर्ष जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार देर शाम वह अपने कमरे में खाना खाने के लिए बैठा था। खाना तेज गर्म था जिसके कारण वह टेबल फैन को अपनी तरफ घूमने लगा इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया तथा उसकी मौके पर ही मौत हो गई।कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी घर के अन्य सदस्यों को खाना देकर कमरे में आई तो लाल जी टेबल फैन लेकर जमीन पर मृतक पड़ा मिला तो उसके होश उड़ गए।शोर गुल हुआ आसपास के लोग इकट्ठा हुए मृतक के दो बच्चे एक बेटा व एक बेटी है।मृतक तीन भाईयो में सबसे छोटा था।मृतक के मां की पहले ही मौत हो चुकी है। लालजी वर्मा की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनो ने इसकी जानकारी पुलिस को बिना दिए ही दाह संस्कार कर दिया।

# जूनियर डॉक्टरों ने दी गाली, नर्सिंग स्टॉफ ने किया प्रदर्शन

### एसआरएन अस्पताल के बाहर रेजिडेंट डॉक्टर, तो अंदर नर्सिंग स्टॉफ की नारेबाजी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के बाहर गेट पर एक तरफ रेजिडेंट डॉक्टर लगातार 8 दिनों से कार्य बहिष्कार पर हैं। आज जूनियर डॉक्टरों द्वारा गाली-गलौच व मारने की धमकी से नाराज नर्सिंग स्टॉफ भी खफा हो गए। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टॉफ जुट गए और गाली देने वाले जूनियर डॉक्टरों के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।वहीं पर धरने पर बैठ गए। एक तरफ रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर तो दूसरी तरफ नर्सिंग स्टाफ भी वार्ड से निकलकर धरने पर बैठ गए। कुछ देर तक स्थिति अफरा-तफरी जैसी हो गई। काफी समझाने व मान मनौवल के बाद नर्सिंग स्टाफ कार्य पर वापस लौटे।मामला 21 अगस्त देर रात का है। ट्रामा ट्रायज में स्टॉफ नर्स अमरेंद्र सिंह, अशोक सिंह और वार्डब्वाय राहुल कुमार ड्यूटी पर थे। आरोप है कि सर्जरी डिपार्टमेंट के सेकेंड ईयर के जेआर डॉ. हर्षित गौतम व जेआर-1 डॉ. अनमोल पांडेय व डॉ. डॉ. सौम्या ने उन्हें गालियां दी और मारने के लिए दौड़ा लिए। वह वहां से किसी तरह भागे। प्रदर्शन कर रहे नर्सों ने कहा कि आए दिन सर्जरी के जेआर द्वारा आए दिन इस तरह का बर्ताव किया जाता है। ऐसे में उनके साथ काम करना मुश्किल है। प्राचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा व एसआईसी डॉ. एके सक्सेना द्वारा समझाने के बाद मामला शांत हुआ।

# चौड़ीकरण की जद में आए मकानो व दुकानों पर चला बुलडोजर





अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** सड़क चौड़ीकरण की जद में आए मकानो दुकानों पर गुरुवार को एसडीएम फूलपुर तपन मिश्रा की मौजूदगी में बुलडोजर चला। घण्टो चली कार्यवाही के दौरान व्यापारियों व भवन स्वामियों में हड़कंप मचा रहा। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सहुलियात के लिए झूंसी में कई सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। चौड़ीकरण की जद में आए मकान दुकान मालिको को पीडीए ने नोटिस दी थी और सभी को समय दिया था कि चौड़ीकरण की जद में आये निर्माण को स्वम हटा लें। न हटाने वाले लीलापुर रोड स्थित दुकान, मकानों पर गुरुवार को बुलडोजर चला। इस दौरान पीडीए के जोनल विनय द्ववेदी के साथ पीडीए, पीडब्लूडी के अधिकारी मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि पर नमन किए गए पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह

**सहसों।** भाजपा कार्यालय सहसों पर पार्टी कार्यकताओं द्वारा पूर्व मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश द्विवेदी की अध्यक्षता में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भाव भीनी श्रद्धांजलि देते नमन किया गया ।इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने कहा कि उनके शासन काल में शिक्षा एवं अनुशासन बहुत उत्तम रहा। शिक्षा व्यवस्था को लेकर बच्चों एवं अभिभावकों में आज भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इस अवसर पर भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनके कार्य काल में नकल विहीन बोर्ड की परीक्षा में सफल बच्चे मेधावी हुए तथा सफलता प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर द्विवेदी, राम भवन, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश प्रसाद मिश्रा एवं चन्द्रेश केसरवानी तथा डॉ मनीष तिवारी, महामंत्री संजय सिंह, अमन सिंह राजपूत, रमाकांत पांडे सहित आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव की बैठक संपन्न



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी गुरुवार को यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव समिति की एक बैठक श्रमिक बस्ती स्थित एक गेस्ट हाउस में कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें आगामी 7 सितंबर से प्रारंभ होने वाले सप्त दिवसीय यमुनापर विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव की रूपरेखा तय की गई। समस्त पदाधिकारियों ने अपने-अपने कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया एवं आगे की योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता महेश मधुकर मंगरूलकर ने बताया कि यह गणेशोत्सव का 27 वां वर्ष है।लगातार इतने वर्षों से गणेशोत्सव का आयोजन होते आना यह गणेश जी की कृपा है और आप लोगों का सहयोग है।कार्यक्रम के सह संयोजक रवि करण सिंह ने सभी पदाधिकारियों को अपने कार्यों में तेजी लाने को कहा। आयोजन समिति ने युवा मंडल के अध्यक्ष आनंद सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष जतिन ठाकुर एवं उनकी टीम के योगदान की सराहना की। महिला मंडल अध्यक्ष रेखा श्रीवास्तव ने बैठक का संचालन किया एवं राजकुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में प्रमुख रूप से निखिल तिवारी, यश शर्मा, सौरभ मिश्रा, अलका विश्वकर्मा, सरोज सिंह, मंजू तिवारी, ममता श्रीवास्तव, पिंकी गुप्ता, शिवानी जायसवाल, पूजा जायसवाल, उत्कर्ष शर्मा, अनुराग शर्मा आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने दी।

## एनसीआर रेलवे के 611 टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड से मिलेगी भुगतान की सुविधा, यात्रियों को मिलेगी राहत

**प्रयागराज।** डिजिटल इंडिया की मुहिम को बढ़ावा देने के लिए इसी वित्तीय वर्ष उत्तर मध्य रेलवे के 611 रिजर्वेशन और अनारक्षित टिकट काउंटर पर क्यूआर कोड से भुगतान की सुविधा यात्रियों को मिलने लगेगी। अभी प्रयागराज, झांसी एवं आगरा मंडल के 92 काउंटरों पर यह सुविधा शुरू हो चुकी है। एनसीआर प्रशासन की ओर से पिछले दिनों ही सबसे पहले जोन में यह सुविधा प्रयागराज जंक्शन से शुरू की गई। इसके बाद यात्री सुविधा के तहत तमाम रेलवे स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड से भुगतान की सुविधा शुरू की गई। इससे यात्रियों को लेनदेन के दौरान होने वाली समस्याओं से स्थायी निदान मिलेगा। कहा कि टिकट लेते समय खुले पैसे नहीं होने पर ओवर ओवरचार्जिंग व नकद भुगतान के समय भूलचूक जैसी संभावित समस्याएं भी इससे खत्म हो जाएंगी।उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रयागराज मंडल में दो अनारक्षित एवं दो रिजर्वेशन काउंटर पर यह सुविधा उपलब्ध करवा दी गई है। इसी तरह झांसी मंडल में 40 अनारक्षित एवं चार रिजर्वेशन काउंटर और आगरा मंडल के 44 अनारक्षित टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड से भुगतान की सुविधा है। प्रयास किया जा रहा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रयागराज मंडल में 272, झांसी मंडल में 158 व आगरा मंडल में 89 और काउंटरों पर यह सुविधा शुरू कर दी जाए। ऐसा होने से उत्तर मध्य रेलवे में कुल 611 काउंटरों पर क्यूआर कोड से भुगतान सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

**आवश्यकता है**

**महावीर कालेज ऑफ हायर एजुकेशन**
**जीटी रोड अबूसा मोड, सरायइनायत, प्रयागराज।**
सम्बद्ध-प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज।
**निम्न पदों हेतु सहा० आचार्य की आवश्यकता है-**
स्नातक स्तर विज्ञान संकाय - भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान प्रत्येक 01 पद।
बी०सी०ए०- 04 पद, बी०बी०ए०-04 पद, बी०एड्० हेतु -05 पद, भाषा 02, दर्शनशास्त्र 01, विज्ञान 01 एवं संगीत 01 पद।
वेतन यू०जी०सी० मानकानुसार। विज्ञापन के 10 दिनों के अन्दर आवेदन महाविद्यालय में जमा करें।
**प्रबंधक**
मो0: 9621377282, 8299684182
Email- mpsallahabad@gmail.com

# गणित का प्रयोग करके दैनिक जीवन को सरल बनाया जा सकता है : डॉ बत्रा

अखंड भारत संदेश





**करछना।** प्रयागराज प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में पांच दिवसीय इंस्पायर साइंस कैम्प के दूसरे प्रथम सत्र में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भूगर्भ विज्ञान के प्रोफेसर डॉ जयंत नाथ त्रिपाठी ने छात्रों को धरती पर आने वाले भूकंप के बारे में जानकारी दी। डा त्रिपाठी ने छात्रों को बताया कि कही न कही हम सभी धरती पर आने वाले भूकंप के लिए जिम्मेदार है। प्रथम सत्र के बाद छात्रों को रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वर्कशॉप एवं अन्य प्रयोगशालाओं में प्रैक्टिकल कराया गया। साइंस कैम्प के दूसरे सत्र में काइट ग्रुप के गणित के प्रोफेसर डा चंद्र मोहन बत्रा ने छात्रों को गणित के प्रयोग के विषय में बताया। डा बत्रा ने छात्रों को बताया कि किस तरह गणित के प्रयोग द्वारा दैनिक जीवन को सरल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन श्री आसमा नंद सिंह ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन ज्ञान सिंह, सचिव विकास सिंह, प्रकाश सिंह, प्राचार्य राम रक्षा त्रिपाठी, रजिस्ट्रार आशीष तिवारी, महिपाल सिंह, हिंच लाल पटेल, वीरेंद्र सिंह, हिमांशु द्विवेदी, भोला पांडे, रबिंद्र सिंह, मनीष सिंह, मोमिश पांडे, सुप्रिया श्रीवास्तव, अरविंद पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

## हरे पेड़ों की कटाई पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**फूलपुर।** आम का हरा पेड़ काटने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कटे पेड़ को अपने कब्जे में लेते हुए वृक्षों के संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर दिया। वहीं पुलिस को देखकर पेड़ों की कटाई कर रहे व्यक्ति मौके से फरार हो गए। उतरांव थाना क्षेत्र के यासीनपुर गांव में बुधवार रात 8 बजे हरे आम के पेड़ को काटे जाने की सूचना उतरांव पुलिस को मिली तो मौके पर मय फोर्स पहुंची पुलिस को देखकर पेड़ों की कटाई कर रहे व्यक्ति कटे पेड़ को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। उतरांव पुलिस ने बताया की पूछताछ करने पर आस पास के ग्रामीणों ने बताया की दूसरे गांव के एक व्यक्ति ने उक्त पेड़ों को खरीदकर रात में बिना परमिशन के उसकी कटाई करवा रहा था। पुलिस ने वृक्षों के संरक्षण अधिनियम की धारा 4/10 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कटे पेड़ों को थाने पर उठा ले गई।

## करंट से युवक की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ।** करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। मौत की सूचना परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के रामगढ़ खास निवासी राममूरत सिंह का पुत्र अभय प्रताप सिंह 36 गुरूवार की सुबह घरेलू कामकाज कर रहा था। सुबह लगभग आठ बजे वह स्टेबलाइजर ठीक कर रहा था। अचानक वह विद्युत करंट की चपेट में आ गया। आननफानन में परिजन उसे लेकर ट्रामा सेण्टर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने अभय को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने मौत की सूचना लालगंज पुलिस को दी। इसके बाद कोतवाली पुलिस जिला मुख्यालय पहुंची और मृतक के शव का पीएम करवाया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में निकली जनाक्रोश रैली

### पड़ोसी देश में हिन्दुओं पर अत्याचार पर जताई चिंता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हिंसा और अत्याचार के विरोध में हिंदू रक्षा समिति, प्रतापगढ़ के तत्वाधान में हजारों की संख्या में भारत माता के उद्घोष के साथ विशाल जनाक्रोश रैली का आयोजन हुआद्य रैली तुलसी सदन (हादीहाल) से निकलकर बाबागंज, चैक घंटाघर होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची जहां बंगाल में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ चिंता जाहिर की और ज्ञापन एसडीएम सदर को दिया गया।

सभी ने अपने वक्तव्य में बांग्लादेश में हो रहे क्रूर नरसंहार का विरोध किया और हिंदुओं को एकजुट होकर जागृत होने का संदेश



अत्याचार के विरोध में जनाक्रोश रैली में शामिल पदाधिकारी।

दिया। बांग्लादेश भारत का ही अभिन्न अंग था। विभाजन के समय पूर्वी पाकिस्तान बना और 1971 में बांग्लादेश बना, लेकिन भारत विरोधी, सनातन विरोधी मानसिकता के लोग हिंदुओं पर आघात करते हैं। इस अवसर पर सभी ने सनातन संस्कृति, हिंदू समाज की रक्षा और एकजुट होकर बांग्लादेश के साथ-साथ अन्य पड़ोसी देशों में भी हिंदू समाज को संबल प्रदान करने का आह्वान किया।

इस मौके पर महंत मनोज ब्रह्मचारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवेश, जिला प्रचारक प्रवीण, रमेश चंद त्रिपाठी, चिंतामणि दुबे, विभाग कार्यवाह हरीश, डॉ सौरभ पांडेय, नई दिल्ली बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष आलोक कुमार पांडेय, डॉ रंगनाथ शुक्ल, पूर्व सांसद संगम लाल गुप्त, पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण पांडे गुरु, पूर्व विधायक बृजेश सौरभ, आशीष श्रीवास्तव, हरिओम मिश्र, ओमप्रकाश त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, अजय मिश्र, अवधेश मिश्र, हेमंत, रमेश सिंह पटेल, नितेश खंडेलवाल, अनुराग मिश्र, विनोद द्विवेदी, गिरजा शंकर मिश्र, नागेंद्र मिश्र, रविसेन सिंह, शरद केसरवानी, शिशिर खरे, दिनेश अग्रहरी, सुनील दुबे, प्रमिला शुक्ला, पिंकी दयाल, रुचि केसरवानी, अनिकेत तिवारी, अमरमणि मिश्रा, डा रंगनाथ शुक्ला, ध्रुव शुक्ला, विद्यार्थी राम, राजेश सिंह ,राहुल कुमार, आलोक अग्रहरी, आदि के साथ सामाजिक जीवन में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले संगठनों के हजारों राष्ट्रभक्ति उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने मनाया अखंड भारत संकल्प दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** ब्लाक कालाकांकर के स्थित कुसुवापुर बाजार में बुधवार को अखण्ड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत महामंत्री तरुण कुमार शुक्ल व प्रांत उपाध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के मिश्रीलाल विश्वकर्मा राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत महामंत्री सुधीर कुमार शुक्ल तथा प्रतापगढ़ जिले से (अहिप) के जिलाध्यक्ष विमल सिंह ,जिला उपाध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के आशुतोष त्रिपाठी, जिला मंत्री (अहिप) संगम लाल विश्वकर्मा, धर्म प्रसार प्रमुख बाबाजी सहित सैकड़ों की संख्या में ब्लाक व ग्राम समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाध्यापक,संघ व भाजपा के वरिष्ठ नेता त्रिभुवन नाथ मिश्र उर्फ़ टंडन गुरु रहे बैठक मे सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार व नरसंहार के विरुद्ध पूरे बाजार में घूम घूम कर रैली निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में बाजार के लोग शामिल हुए।

# साकेत बालिका महाविद्यालय में आज भी पम्प से निकाला जा रहा पानी, जलभराव बनी बड़ी समस्या

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मंगलवार व बुधवार को हुई वर्षा से साकेत बालिका महाविद्यालय में जलभराव हो गया है। इससे पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। इसे देखते हुए नगर पालिका वहां पम्प लगाकर पानी निकाल रही है। वैसे लोगों का कहना है कि यह महाविद्यालय सड़क तल से काफी नीचे बना हुआ है। इससे दहिलामऊ क्षेत्र का अधिकांश वर्षा का सारा पानी इसी महाविद्यालय में जाता है जिससे वर्षा भर यह जलमग्न रहता है।

वैसे जलभराव की समस्या पूरे दहिलामऊ क्षेत्र में है। लोक निर्माण विभाग का डाक बंगला भी वर्षा में




साकेत बालिका महाविद्यालय में पम्प से पानी निकालते कर्मचारी।

जलमग्न रहता है। दहिलामऊ क्षेत्र का जलभराव की समस्या से निपटने के लिये एक बड़ा नाला पांच करोड़ की लागत से सई नदी तक के लिये निर्माण करवाया जा रहा है। इसके बन जाने से दहिलामऊ क्षेत्र की जलभराव की समस्या कुछ हद तक समाप्त होगी लेकिन साकेत महाविद्यालय काफी नीचे होने के कारण जलभराव की समस्या फिर भी रह सकती है। जिलाधिकारी/ प्रशासक नगर पालिका संजीव रंजन के निर्देश पर ईओ राकेश कुमार महाविद्यालय में पम्प लगवाकर पानी निकलवा रहे हैं। शहर में एमडीपीजी कालेज के सामने, रेलवे स्टेशन रोड, तिलक इंटर कालेज, पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी वर्षा होने पर जलमग्न रहता है। जानकार लोगों का कहना है कि प्रतापगढ़ में जब तक मास्टर प्लान नहीं लागू होगा, तब तक जलभराव की समस्या से निदान होना मुश्किल दिखाई देता है।

## खो-खो प्रतियोगिता के लिये 29 तक कराएं रजिस्ट्रेशन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला खो-खो संघ प्रतापगढ़ के तत्वावधान में न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल कटरा रोड में 30 व 31 अगस्त को खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष राम कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि टीमें खो-खो प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहती हैं, वह अपना रजिस्ट्रेशन 29 अगस्त तक करा लें। उन्होंने बताया कि अभी तक 76 प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

# एडीजी जोन प्रयागराज ने भक्ति धाम मनगढ़ का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** आगामी आने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दृष्टिगत एडीजी जोन प्रयागराज भानु भास्कर, आईजी रेन्ज प्रयागराज प्रेम कुमार द्वारा परिक्षेत्र के जनपद प्रतापगढ़ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के साथ जनपद के कोतवाली कुण्डा क्षेत्र अंतर्गत जगद्गुरू कृपालु परिसर भक्ति धाम मनगढ़ मन्दिर का भ्रमण व निरीक्षण कर मन्दिर पर लगने वाले मेले में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ पर नियंत्रण रखने एवं त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जन्माष्टमी पर सुरक्षा व्यवस्था/



भक्ति धाम मनगढ़ का निरीक्षण करते एडीजी।

कानून व्यवस्था के दृष्टिगत कोतवाली कुन्डा क्षेत्र अंतर्गत स्थित गेस्ट हाउस में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय, उपजिलाधिकारी कुन्डा भरत राम, क्षेत्राधिकारी कुन्डा अजीत कुमार सिंह, कोतवाली कुन्डा प्रभारी सतेंद्र कुमार व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हर घर में एक आंवले का पौधा होना आवश्यकः डॉ रणजीत



अवधेशपुरम ऐंठू में पौधरोपण करते अधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मॉं के नाम कार्यक्रम के अन्तर्गत दिव्य ज्योति सेवा संस्थान द्वारा गुरुवार को अवधेशपुरम् (ऐंठू) में आंवला के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को 101 आंवला के पौधों का वितरण किया गया। पौध वितरण करते हुए संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने बताया कि आंवले का वृक्ष में साक्षात भगवान विष्णु का वास होता है, इसलिए यह वृक्ष और इसका फल विष्णु जी का अतिप्रिय माना जाता है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अवधेष सिंह ने बताया कि आंवला एक महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक फल है यह विटामिन सी का समृद्ध श्रोत है। फार्म मैनेजर प्रदीप सिंह ने बताया कि जनपद प्रतापगढ़ आंवले के लिए जाना जाता है, यह किसानों के लिए एक अच्छा आय का श्रोत है। इस अवसर पर सचिव मनीष सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अवधेष सिंह, प्रदीप सिंह, रामचन्द्र, जुगुल किशोर तिवारी, अरूण शुक्ला, जी.आर.पटेल, रविशंकर एवं आस-पास गॉवों के जागरूक किसान रामआसरे मंत्री, हेमराज, राकेश मौर्या, इन्द्रजीत, दीपचन्द्र, महेश मौर्या, सूरज, मस्तराम सरोज, मनोज विश्वकर्मा, ओमप्रकाश व गीता देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर सम्मान पेंशन वितरण समारोह का हुआ आयोजन, भूमि बचाने के लिये हुई सामूहिक प्रार्थना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में अम्मा साहेब ट्रस्ट के स्थापना दिवस के अवसर पर संसार में स्वस्थ समाज के निर्माण एवं स्वस्थ सामाजिक मूल्यों की स्थापना हेतु जारी अभूतपूर्व मानवतावादी सामाजिक अभियान के अंतर्गत सम्मान पेंशन वितरण समारोह के साथ संस्था शारदा संगीत महाविद्यालय की विवादित भूमि को बचाने के लिए सामूहिक प्रार्थना सभा संपन्न हुई।

समारोह के मुख्य अतिथिगण मुख्य प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम प्रतापगढ़ दीपक चावला, एम0डी0पी0जी0 कालेज की जीव विज्ञानं की प्रोफ़ेसर डॉ0 किरन मिश्रा, सेतापुर सदर के पूर्व माध्यमिक




सम्मान पेंशन वितरण समारोह में मौजूद अतिथिगण।

विद्यालय की सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापिका लीलावती सरोज, सी0बी0एस0 एकेडमी अंतू के प्रबंधक हीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं बाबा बेलखर नाथ धाम के सराय गनई में उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक ओम प्रकाश रहे। समारोह के मुख्य अतिथि दीपक चावला ने कहाकि इस जीवन को शिक्षा ग्रहण कर और सुन्दर बनाने का प्रयत्न करना चाहिए। समारोह की दूसरी मुख्य अतिथि डॉ0 किरन मिश्रा ने कहा कि सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते हुए जब कल्पनाशील गतिविधियों और सवालों की मदद से हमें सीखने और सीखने के दौरान अपने अनुभव पर विचार करने का अवसर प्राप्त होगा तब हम इस अभूतपूर्व मानवतावादी सामाजिक अभियान की गहराइयों में जा सकेंगे। समारोह के अध्यक्ष पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि अम्मा साहेब ट्रस्ट एक सैलाब है जिसमें सारा संसार सामाहित हो जाएगा। अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि जब तक संसार में एक भी व्यक्ति ऐसा है जिसे आजीवन मासिक पेंशन जारी नहीं की जा सकी हो तब तक उनका कार्य अधूरा है। इस अवसर पर रोशनलाल उमरवैश्य, राजीव कुमार आर्य, सुनील कुमार सिंह, राकेश कुमार कनौजिया, मथुरा प्रसाद त्रिपाठी, मनप्रीत कौर, कुसुमलता श्रीवास्तव, प्रभाकर पाण्डेय, राम प्रकाश तिवारी, प्रताप सिंह, राधे श्याम तिवारी तथा संस्था के तमाम छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अम्मा साहेब ट्रस्ट के संरक्षक सदस्य सुनील कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कथक में प्रथम आने वाली बेल्हा की प्रेक्षा को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** देवकली पूरे नरसिंह भान की रहने वाली प्रेक्षा श्रीवास्तव को भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के 14वां दीक्षांत समारोह में कथक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उत्तर प्रदेश की राज्य पाल आनंदी बेन पटेल ने सम्मानित किया है।

कला मंडपम सभागार में आयोजित इस समारोह में 2023-24 के स्नातक एवम् परास्नातक के सर्वोत्तम 22 छात्र व छात्राओं को पदक व उपाधि से राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्राओं में जिले की प्रेक्षा श्रीवास्तव को कथक नृत्य (एम0पी0ए0) में प्रथम स्थान तथा नृत्य विभाग व विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इन्हें उत्तर प्रदेश द्वारा पं0 विष्णुनारायण भातखंडे पदक से



प्रेक्षा श्रीवास्तव।

सम्मानित किया गया। प्रेक्षा श्रीवास्तव रिटायर्ड ट्रेन मैनेजर बीबी श्रीवास्तव की पुत्री है। उन्होंने बताया कि प्रेक्षा वर्ष 2016 से लखनऊ में कथक नृत्य में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सत्र 2022-24 में वह मास्टर्स ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (कथक) की छात्रा थीं। उसके सम्मान पाने से पूरा परिवार गौरवानित महसूस कर रहा है।

## नहर में डूबने से मासूम की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र में नहर मे डूबने से मासूम की मौत हो गयी। मौत की जानकारी परिजनो को हुई तो वह दहाड मारकर रोने बिलखने लगे। उदयपुर थाना के उमरार निवासी ओमप्रकाश का पुत्र अंश 04 गुरूवार की दोपहर लगभग बारह बजे बच्चों के साथ दरवाजे पर खेल रहा था। उसके घर के सामने थोडी दूर पर नहर है। गांव के लोगों ने नहर को पार करने के लिए विद्युत खम्भे का कामचलाऊ पुल बना रखा है। बच्चे इसी खम्भे पर खेल रहे थे। अचानक खेलते खेलते अंश का पैर फिसल गया। पैर फिसलने से वह नहर में समा गया। साथ खेल रहे बच्चों ने अंश को नहर में देखा तो चीखने चिल्लाने लगे। परिवार के सदस्य पहुंचे तो अंश को बाहर निकाला। बाहर निकालने पर अंश की मौत देख वह दहाड मारकर रोने लगे। सूचना मिलने पर उदयपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मासूम के शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतक मासूम दो भाईयों व दो बहनों में सबसे छोटा था।

# राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी के लिये जिले की दो छात्राओं का हुआ चयन

### ओम संस्कृति श्रीवास्तव एवं वर्षा कौशल ने जिले का किया नाम रोशन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विज्ञान संगोष्ठी 2024 में राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी के लिए ओम संस्कृति श्रीवास्तव एवं वर्षा कौशल का चयन हुआ है। इन दोनों छात्राओं ने जिले का नाम रोशन किया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा के कुशल निर्देशन में को प्रयागराज के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित विज्ञान संगोष्ठी 2024 के मंडल स्तरीय संगोष्ठी में



प्रमाण पत्र के साथ ओम संस्कृति श्रीवास्तव व वर्षा कौशल।

अपने प्रभावपूर्ण और बेहतरीन प्रस्तुति के माध्यम से मंडल के तीनों जिलों को पीछे करते हुए जनपद प्रतापगढ़ की दो बेटियों ने जनपद प्रतापगढ़ का नाम रोशन किया और राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी के लिए चयनित हुई।, प्रथम स्थान पर कुमारी ओम संस्कृति श्रीवास्तव कक्षा 10, अमर जनता इंटर कॉलेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ और दूसरे स्थान पर कुमारी वर्षा कौशल कक्षा 10, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ रहीं। दोनों छात्राओं को उप शिक्षा निदेशक प्रयागराज मंडल प्रयागराज आर्यन विश्वकर्मा ने सम्मानित और पुरस्कृत किया। दोनों छात्राएं अगले महीने जनपद प्रतापगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रतिभाग करेंगी और जनपद का गौरव बढ़ाएंगे। जिले की माध्यमिक शिक्षा विभाग की इस बड़ी उपलब्धि पर ओमकार राणा जिला विद्यालय निरीक्षक, आर पी सरोज, सह जिला विद्यालय निरीक्षक, कुलश्रेष्ठ तिवारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज, गीता प्रधानाचार्य एवं डॉक्टर मोहम्मद अनीस उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, डॉक्टर स्निग्धा पांडे, प्रधानाचार्य अमर जनता इंटर कॉलेज कटरा गुलाब सिंह, शिशिर श्रीवास्तव, डॉक्टर विंध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज कांपा, रामपुर, शिखा त्रिपाठी एवं अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारियों और प्रधानाचार्यों ने छात्राओं को बधाई दी।

# जेडी ने खंगाली ट्रामा सेण्टर व सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत

### औचक निरीक्षण को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों में खलबली, हडकंप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर लखनऊ से गुरूवार को संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक ने लालगंज ट्रामा सेण्टर एवं सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। जेडी डा. वेदप्रकाश के औचक निरीक्षक से स्वास्थ्य महकमे में खलबली मच गयी। औचक निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक ने डेंगू वार्ड में प्रबन्धों का अवलोकन किया।

उन्होंने सीएचसी के लैब का भी निरीक्षण कर खून की जांच से जुड़ी सुविधाओं का भी जायजा लिया। स्टोर रूम में दवाओं की उपलब्धता की भी उन्होनें जानकारी जुटाई। वार्डो मे पहुंचकर भर्ती मरीजों व तीमारदारों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं को लेकर बातचीत की। संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक ने नवनिर्मित महिला एवं बाल चिकित्सालय को शीघ्र क्रियाशील कराए जाने की भी बात कही। हालांकि मरीजों व तीमारदारों ने संयुक्त निदेशक को अस्पताल की स्वास्थ्य सेवा को लेकर संतोष जताया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर उन्होनें स्वास्थ्यकर्मियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। अस्पताल परिसर में जलजमाव देखकर जेडी ने नाराजगी जतायी। उन्होनें सीएमओ से फोनिक वार्ता कर समस्या के समाधान कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जेडी ने अस्पताल परिसर में साफ सफाई के बंदोबस्त और बेहतर बनाने को कहा। अभियान को लेकर संयुक्त निदेशक ने अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता की कार्ययोजना को सराहा। अस्पताल वार्ड को वातानुकूलित देख भी जेडी खुश दिखे। उन्होनें गांवों में भी संचारी रोग के बाबत जागरूकता व स्वच्छता के वातावरण बनाने को लेकर मातहतों को टिप्स दिये। अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने उन्हें वांछित सूचनाएं प्रदान की। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आरती द्विवेदी ने जेडी के समक्ष संचारी रोग व टीकाकरण की कार्ययोजना प्रस्तुत की। करीब घंटे भर जेडी के अस्पताल परिसर मे बने रहने से हडकंप का माहौल भी दिखा। इस मौके पर डा. राहुल गुप्ता, डा. इलियास, डा. पंकज मिश्र, डा. धर्मेन्द्र आदि रहे।

# अस्पताल में टीका लगने के बाद शिशु की मौत का आरोप, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अस्पताल में टीका लगने के बाद शिशु की मौत हो जाने के आरोप को लेकर पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर दी है। वही चिकित्सक टीका लगने से शिशु की मौत को निराधार बता रहे हैं।

उदयपुर थानान्तर्गत ठेकेदार का पुरवा राजापुर गांव निवासी अरूण कुमार की पत्नी गुड़िया ने तीस जुलाई को सांगीपुर सीएचसी में एक पुत्र को जन्म दिया। डिस्चार्ज होने के बाद अस्पताल से वह अपने पुत्र को लेकर सकुशल घर गयी। जन्म के बाइस दिन बाद बीते बुधवार को शिशु की दादी सोना देवी पत्नी कृष्ण कुमार पौत्र को लेकर टीका लगवाने के लिए सांगीपुर स्थित आयी। पीड़िता का आरोप है कि यहां नर्स ने उसके पौत्र को टीका लगाया। लेकिन उसे शिशु के बने जन्मकार्ड पर इंट्री करने की बात करने पर वह गाली देते हुए मारपीट पर अमादा हो गयी। इधर कुछ ही देर बाद शिशु की तबीयत खराब हो गयी और रात मे उसकी मौत हो गयी। पीडिता ने थाने जाकर पुलिस को तहरीर दी है। सीएचसी अधीक्षक डा. आनन्द कुमार तिवारी का कहना है कि जन्म के समय ही शिशु को तीन टीके लगाये जाते हैं। उसके बाद बयालिस दिन बाद टीका लगता है। ऐसे में बाइस दिन बाद ही टीका लगाने का आरोप गलत है।

# हाईवे के किनारे युवक का मिला रक्त रंजित शव

- क्षेत्र में पहले भी मिल चुके हैं कई लोगों के शव तमाम मामलों का नहीं हुआ खुलासा
- पूर्व के अंतर्जनपदीय गिरोह के सदस्यों की गतिविधियां वर्तमान में फिर संदिग्ध हैं



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के हाइवे के किनारे एक युवक का रक्तरंजित शव सड़क से बाहर पटरी पर पड़ा हुआ था युवक के पैर में गंभीर चोट के निशान दिखाई पड़ रहा है मौके पर ढेर खून पड़ा था रात में गस्त के दौरान पुलिस ने शव नहीं देखा जबकि पूरी रात हंड्रेड डायल पुलिस के साथ-साथ थाना पुलिस क्षेत्र भ्रमण करती रही जब सुबह ग्रामीण सड़क की ओर से जा रहे थे तो सड़क से बाहर पटरी पर घास उगे स्थान पर एक युवक का रक्त रंजित शव पड़ा था मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम ग्रामीण लोगों की भीड़ लग गयी सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके में पहुंची थाना पुलिस ने शव की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन क्षेत्र का कोई व्यक्ति शव की पहचान नही कर सका है पुलिस ने अज्ञात में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है क्षेत्र में शव मिलने से फिर सनसनी मच गई है जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल गांव के पास नेशनल हाइवे पेट्रोल पम्प के पास गुरुवार सुबह लगभग 30 वर्षीय एक युवक का रक्त रंजित शव सड़क से बाहर घास उगी पटरी पर मिला है शरीर में गहरे चोट के निशान है मौके पर खून पड़ा हुआ है युवक की मौत कैसे हुई है यह रहस्य बरकरार है इसके पहले भी थाना क्षेत्र में कई लोगों के अज्ञात शव मिल चुके हैं तमाम अज्ञात शव की शिनाख्त वर्षो बाद भी नहीं हो सकी है कोखराज क्षेत्र में बीते दो दशक से शव फेंकने वाले गिरोह के सदस्य सक्रिय थे उनके जेल जाने के बाद अज्ञात शव मिलना बंद हो गया था इस बात की जांच पुलिस थाने में गिरफ्तारी का समय और जेल से जमानत के समय के बाद मिले अज्ञात शव से देखा जा सकता है पूर्व के अंतर्जनपदीय गिरोह के सदस्यों की गतिविधियां वर्तमान में फिर संदिग्ध हैं।

## यमुना नदी के कछार में मिली बालक की लाश में पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**महेवा घाट कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के मानुपुर जमुनापुर बैरागीपुर का बालक मोहित उम्र 10 वर्ष रक्षाबंधन के दिन 19 अगस्त की सुबह घर से अचानक लापता हो गया था 20 अगस्त की शाम को यमुना नदी के कछार क्षेत्र में बालक की रक्तरंजित लाश मिली थी पुलिस ने बालक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मोहित के पिता राजेश निषाद ने बेटे की हत्या का आरोप लगाया है उसका कहना है कि उसकी बेटी के साथ बलात्कार हुआ था और बलात्कार करने वाले लोगों ने हत्या करने की धमकी भी दी थी मोहित के पिता का कहना है कि बलात्कार करने वाले लोग और उसका साथ देने वाले लोग मेरे बेटे की हत्या में शामिल है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो महिलाएं झुलसी

**महेवाघाट कौशांबी।** सरसावा विकासखंड क्षेत्र के भवनसुरी गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो महिलाएं झूलस गई है झुलसी महिलाओं को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसवा में भर्ती कराया गया है लेकिन डॉक्टर के न होने के चलते झुलसी महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है घटनाक्रम के मुताबिक गुरुवार को सुनीता उम्र 35 वर्ष पत्नी रमेश चंद्र वा गुड़िया देवी उम्र 39 वर्ष पत्नी कमलेश निवासी भवनसुरी थाना महेवाघाट आकाशीय बिजली के चपेट में आने से झुलस गई है महिलाओं के झुलसने की जानकारी मिलने के बाद मौके पर गांव के लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुँचे एंबुलेंस कर्मियों ने झुलसी महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है।

## न्यूज झरोखा

### भारतीय अंतरिक्ष सप्ताह कार्यक्रम में धर्मा देवी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ किया प्रतिभाग



कौशाम्बी भारत सरकार के निदेर्शानुसार डॉ. विक्रम साराभाई के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित होने वाली भाषण, पेंटिग व निबंध प्रतियोगिता में धर्मा देवी इंटर कालेज विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया जिसमे भाषण प्रतियोगिता में साक्षी मिश्रा 9ऊको प्रथम स्थान, तान्या सिंह 11ु3 को द्वितीय स्थान तथा अनुराग 10ु को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निबंध प्रतियोगिता में अंजली देवी 11ु3 को प्रथम स्थान, यशमीन बानो 11ु1 को द्वितीय स्थान एवम् शेफा फातमा 11ु1 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इसी क्रम में ड्राइंग व पेंटिग प्रतियोगिता में अदिति राव को प्रथम स्थान, शैलजा मौर्य को द्वितीय स्थान तथा इशिता केशरवानी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा इन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन पर वृहद जानकारी दी गई।

### महामाया राजकीय महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन



**कौशाम्बी** निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ०प्र० लखनऊ के निदेर्शानुसार शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य हेतु 22 अगस्त को महामाया राजकीय महाविद्यालय में एक जनपद स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार फौजी अध्यक्ष ,नगर पालिका परिषद मंझनपुर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो० शैलेंद्र तिवारी , प्राचार्य ,महामाया राजकीय महाविद्यालय रहे यह कार्यक्रम जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आयोजित कराया गया। इस रोजगार मेला में महाविद्यालय के लगभग 41 छात्र छात्राओं का सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन कराया गया कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोजगार प्रभारी डॉ अनिल कुमार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर प्रो0 अनिल कुमार सोनकर ,डॉ. नीलम बाजपेई डॉ भावना केसरवानी डॉ. रीता दयाल डॉ पवन कुमार डॉ. तरित अग्रवाल ,डॉ. रमेश चंद्र डॉ राम प्रताप यादव ,डॉ. संतोष कुमार ,डॉ. शैलेश मालवीय तथा अजय कुमार वरिष्ठ लिपिक मानवेंद्र सिंह एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### कंटेनर ड्राइवर को आई झपकी सड़क किनारे खड़े डीसीएम और पिकप से भिड़ा



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के अंबर ढाबा के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंटेनर ड्राइवर को झपकी आ गई जिससे ड्राइवर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े डी सी एम और पिकप को टक्कर मार दिया इस टक्कर से बगल में रखी गिर गई ,गुमटी का सारा सामान बिखर गया और कंटेनर ड्राइवर रदास पुत्र हरिश्चंद निवासी फिरोजा बाद जख्मी हो गया सूचना पर पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से उपचार हेतु अस्पताल भेज दिया कंटेनर ड्राइवर प्रयागराज की तरफ से कानपुर की ओर जा रहा था।

### दो बाईकों की आमने- सामने भिड़ंत में तीन जख्मी

कौशाम्बी। थाना कौशाम्बी अंतर्गत नरेंद्रबारा कनेली के पास वृहस्पतिवार रात को दो बाईकों की आमने सामने टक्कर हो गयी जिसमें तीन लोग घायल हो गए। ग्रामीणो की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस तीनों घायलों को सीएचसी कनेली लेकर आयी जहाँ से गंभीर रूप से घायल समय लाल पुत्र लखन लाल (45 वर्ष) को प्राथमिक उपचार के बाद एम्बुलेंस द्वारा ही जिला अस्पताल मंझनपुर के लिए रेफर कर दिया। बाकी दोनों घायलों सुनील पुत्र राजकरन (29) और लाल बहादुर पुत्र शारदा प्रसाद का इलाज सीएचसी कनेली में किया जा रहा है। ये दोनों एक ही गांव पाली के रहने वाले हैं जबकि गंभीर रूप से घायल समय लाल गुरौली का रहने वाला है। तीनों घायलों के घर वालों को सूचना दे दी गयी है।

### डंफर की टक्कर से बाइक सवार घायल

अझुवा कौशांबी सैनी कोतवाली से कुछ दूर सिराथू मार्ग पर अज्ञात डंफर की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गए मौके पर रहे राहगीरों ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया है । नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 2 अंबेडकर नगर निवासी शाहनवाज और सुहैल बाइक से सिराथू किसी दुकान में चीनी के कुल्हड़ बनाने जा रहे थे सैनी कोतवाली से थोड़ी दूर सिराथू मार्ग पर अज्ञात डंफर टक्कर मारते हुए फरार हो गया इस टक्कर से दोनो युवक घायल हो गए मौके पर रहे राहगीरों ने दोनो को एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया शाहनवाज गंभीर घायल था जिसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया वहीं सुहैल का उपचार सिराथू स्वास्थ्य केंद्र में हो रहा है

### शादी का झांसा देकर बालिका के साथ 3 वर्षों से युवक बनाता रहा संबंध

**कौशाम्बी** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक बालिका को शादी का झांसा पर युवक का बालिका के साथ 3 वर्ष से लगातार संबंध बनते रहे लेकिन युवक शादी से मुकर गया जिस पर बालिका शादी करने का दवाव बना रही है मामले को लेकर बालिका ने थाना पुलिस से शिकायत कर शादी कराए जाने की फरियाद की है

### पति की मौत के बाद देवर से महिला के बने संबंध

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक की ढाई वर्ष पहले सड़क हादसे में मौत के बाद उसकी विधवा पत्नी का अपने देवर से शारीरिक संबंध बनने लगा लंबे समय से दोनों पति-पत्नी की तरह रह रहे हैं और दांपत्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं इस वीच महिला गर्भवती भी हुई और गर्भपात भी कराया गया अब महिला देवर पर शादी का दबाव बना रही है जिस पर देवर ने विधवा महिला से शादी करने से इनकार कर दिया है देवर के शादी करने से इनकार करने के बाद विधवा महिला पुलिस की चौखट पर पहुंच गई है और उसका कहना है कि उसके देवर से उसकी शादी कराई जाए।

## डीएम ने प्रा. विद्यालयों एवं ऑगनबाड़ी केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय जलालपुर बोरियों, प्राथमिक विद्यालय कसिया पूर्व प्रथम एवं द्वितीय तथा ऑगनबाड़ी केन्द्र जलालपुर बोरियों एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र कसिया पूर्व का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान डिजिटल उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया, सभी अध्यापक उपस्थित पाये गये। उन्होंने प्रधानाध्यापक से छात्र-छात्राओं की संख्या की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के निपुणता पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने छात्र-छात्राओं से सवाल कर शिक्षा की गुणवत्ता को भी परखा। उन्होंने रसोई घर के निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि बच्चों को मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण मिड्-डे-मील प्रदान किया जाय तथा छात्र-छात्राओं की और उपस्थिति बढ़ाने के लिए सकारात्मक प्रयास कियें जाय। जिलाधिकारी द्वारा ऑगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान ऑगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित पायी गईं। उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभार्थियों के फीडिंग कार्य का भी अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का डीएम ने निरीक्षण कर अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों यथा-नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी, हुबलाल इंटर कॉलेज भरवारी एवं कस्तूरबा गॉधी कन्या इंटर कॉलेज भरवारी का निरीक्षण किया। डीएम ने परीक्षा केन्द्रो के निरीक्षण के दौरान की गई तैयारियों व्यवस्थाओ की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने प्रत्येक परीक्षा कक्ष एवं सीसीटीवी निगरानी कक्ष का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए परीक्षा सुचितापूर्ण एवं सकुशल संपन्न करायी जाय।

## राजकीय पशु चिकित्सालय मूरतगंज का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने राजकीय पशु चिकित्सालय मूरतगंज का आकस्मिक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी विभूति नारायण सिंह उपस्थित मिलें तथा बताया गया कि प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी गौ-आश्रय स्थल का भ्रमण करने गए हैं। उन्होंने पंजिकाओं का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने मोबाइल वेटेनरी यूनिट में उपस्थित पशु चिकित्सक डॉ0 राघवेन्द्र को निर्देशित किया कि जनसामान्य को सभी सुविधायें उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दियें।

## पीएचसी मूरतगंज का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का डीएम ने लिया जायजा



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मूरतगंज का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने प्रयोगशाला कक्ष के निरीक्षण के दौरान उपलब्ध जॉच की जानकारी प्राप्त किया तथा मौके पर जॉच किट प्राप्त करने आये सीएचओ द्वारा प्रस्तुत मॉग पत्र का अवलोकन करते हुए एल0टी0 को अविलम्ब आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश। उन्होने टेलीमेडिसीन कक्ष का निरीक्षण कर मरीजों की जानकारी प्राप्त की। उन्होने एएनसी कक्ष का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने फार्मासिस्ट से आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी तथा स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने प्रसव कक्ष के निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्टॉफ से माह अगस्त में कुल की गई एएनसी तथा उच्च संस्थान को संदर्भित की गई गर्भवती महिलाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि प्रसव पश्चात प्रसूता को 48 घण्टे तक रोका जाए।

# अडानी अंबानी को लेकर जेपीसी जांच के लिए कांग्रेस ने किया ईड़ी ऑफिस का घेराव

**देश में इन पूजी पतियों का पूरी तरह से कब्जा हो चुका है आम नागरिक किसान युवा छात्र परेशान है**




**कौशाम्बी** देश के प्रधानमंत्री के अभिन्न मित्र अदानी और अंबानी के खिलाफ ई0ड़ी के द्वारा लगातार गलत कृतियों पर जांच ना करना और मोदी सरकार के द्वारा पूंजीपति मित्रों को शह देने के खिलाफ कॉंग्रेस पार्टी ने प्रयागराज में मंडलीय घेराव किया जिसमें कौशांबी जिले का नेतृत्व जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने किया ! गौरव पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार नरेंद्र मोदी के पूंजीपति मित्र अडानी अंबानी भ्रष्टाचार में लिप्त है इसमें भी प्रमुख की संलिप्तता बताई जा रही है देश में इन पूजी पतियों का पूरी तरह से कब्जा हो चुका है आम नागरिक किसान ,युवा, छात्र परेशान है इस पर भाजपा सरकार का ध्यान नहीं जाता है भाजपा सरकार निरंकुश हो गई है यह अपने पूंजीपति मित्रों के खिलाफ नहीं जा सकती जो लोकतंत्र के खिलाफ है जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में ई0ड़ी0 ऑफिस प्रयागराज का घेराव किया गया। मंडलीय घेराव में पूर्व विधायक चायल विजय प्रकाश विधानसभा प्रत्याशी तलत अजीम,रवि पासी नैयर रिजवी, मोहम्मद अकरम ,श्याम मूर्ति त्रिपाठी ,छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी 'आजाद' दीपक पाण्डेय 'बाबु' राम बहादुर त्रिपाठी, रामसूरत रैदास, फौजिया, रजिया बेगम, नुरुत जमा ,फरमान अहमद, निक्की पाण्डेय, राज नारायण पासी ,सत्येंद्र प्रताप सिंह , समर कोइलहा ,असगर मदनी, नसीमुद्दीन ,शाहरुख ,मोहम्मद असलम, आरिज अहमद, अब्बान, राम प्रकाश पांडा सहित लगभग सैकड़ो की संख्या में कौशांबी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कौशाम्बी में 102 एवं 108 एम्बुलेंस कर्मियों का मण्डलीय प्रशिक्षण शुरू

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 108 एवं 102 एम्बुलेंस कर्मचारियों का मण्डलीय प्रशिक्षण वृहस्पतिवार से कौशाम्बी जनपद में शुरू हो गया है। इसमें कौशाम्बी के अलावा फतेहपुर, चित्रकूट एवं बाँदा के कर्मचारियों को भी लखनऊ से आए ट्रेनर रोहित पाण्डेय एवं रोहित पाल द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान ईएमआरआई जीएचएस संस्था के ऑपरेशन हेड आशुतोष मिश्रा एवं मण्डलीय प्रबंधक प्रशान्त त्रिपाठी भी मौजूद रहे। उन्होंने ट्रेनिंग के दौरान एम्बुलेंस कर्मियों को गोल्डन ऑवर के बारे में भी बताया कि यदि कोई भी एक्सीडेंट होता है तो मरीज को एम्बुलेंस में शिफ्ट करते ही पहला उपचार मरीज के रक्तश्राव को रोकना एवं यदि ऑक्सीजन की कमी लग रही है तो तत्काल ऑक्सीजन देते हुए जल्द से जल्द मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में संदर्भित करवाना है जिससे मरीज की जान बचाई जा सके।

## जनपद को निपुण बनाने का लिया गया संकल्प

### सीएमओ ने आयोजित एक दिवसीय एआरपी कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ




**कौशाम्बी।** प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बन्धु ने उदयन सभागार में आयोजित एक दिवसीय एआरपी कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य के विभिन्न बिंदुओं-बच्चों की 75 प्रतिशत उपस्थिति, शिक्षक संदर्शिका का उपयोग, निपुण लक्ष्य से आंकलन करने, रन रेट आधारित मॉनिटरिंग, स्टाफ का कार्य विभाजन एवं समय सारिणी के अनुपालन से संबंधित बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ में कार्यरत वैभव एवं निकिता द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विद्यालय को निपुण बनाने के संदर्भ में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करने, शिक्षण सामग्री का उपयोग करना, प्रिंट सामग्री का कक्षा में उपयोग करना, आदर्श कक्षा का संचालन कैसे हो, बच्चों की उपस्थिति किस प्रकार बढ़ाई जाय, शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग करके कैसे बच्चों को निपुण बनाया जा सकता है, रन रेट आधारित मॉनिटरिंग से कैसे लक्ष्य हासिल हो, स्टाफ के बीच में कार्य विभाजन करके कैसे लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है एवं समय सारणी का अनुपालन करने संबंधित प्रेजेंटेशन किया गया। कार्यशाला में टीम बिल्डिंग गतिविधि के द्वारा एक टीम के रूप में कार्य करते हुए कौशांबी जनपद को निपुण बनाने का संकल्प किया गया। सभी आठ ब्लॉक में शिक्षक प्रशिक्षण गतिमान है, उसको गुणवत्तापूर्ण करने के लिए प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया कार्यशाला में उपस्थित सभी ने निपुण शपथ लेकर कौशाम्बी जनपद को निपुण बनाने का संकल्प लिया।

# कंप्यूटर ऑपरेटर की वसूली से चौपट हुई मनरेगा योजना

**भ्रष्टाचार मुक्त सरकार में वसूली करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी कर इनकी सेवाएं बर्खास्त करनी होगी**

**हर्रायपुर कौशांबी।** गांव के गरीब मजदूरों को रोजगार देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित मनरेगा योजना में ब्लॉक स्तर पर बैठे ऑपरेटर की अवैध वसूली से पूरी योजना चौपट हो गई है बताया जाता है कि मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र में कंप्यूटर ऑपरेटर मनरेगा योजना का डाटा एंट्री करने के पहले गांव के प्रधान के जरिए 7 प्रतिशत की कमीशन की वसूली खुलेआम कर रहा है। खंड विकास अधिकारी कार्यालय मूरतगंज में मनरेगा योजना में बीते कई वर्षों से खुलेआम हो रही वसूली के बाबत ना तो खंड विकास अधिकारी ने रोक लगाने का प्रयास किया और ना मुख्य विकास अधिकारी ने कंप्यूटर ऑपरेटर की अवैध धसुली को रोकने का प्रयास नही किया जबकि पूर्व में मुख्य विकास अधिकारी कई बार मूरतगंज विकासखंड कार्यालय पहुंचे वहां निरीक्षण किया लेकिन निरीक्षण के दौरान उनको ऑपरेटर की वसूली की जानकारी नहीं हुई आखिर ऊपर ऊपर निरीक्षण करने का क्या औचित्य है जब अधिकारियों को हकीकत की जानकारी ना मिल सके या फिर निरीक्षण करने वाले अधिकारी भी ड्रामा करते हैं और वह वसूली के हिस्सेदार हैं बताया जाता है कि कंप्यूटर ऑपरेटर का 2 महीने पहले स्थानांतरण हो चुका है लेकिन उसके बाद भी यह अधिकारियों के आदेश का पालन नहीं कर रहा है अधिकारियों की आदेशों की धज्जियां उड़ाकर योजना में कमीशन की रकम वसूलने में यह मशहूर है चचाओं पर जाए तो इसके पहले भी इसका ट्रान्सफर मूरतगंज ब्लॉक से हो चुका है लेकिन इसने कभी भी अधिकारियों के आदेश का पालन नहीं किया है बल्कि आदेश को निरस्त कराने के लिए पूरा प्रयास लगा देता है। मनरेगा योजना की कमीशन खोरी की आड़ में अकूत संपत्ति का मालिक कंप्यूटर ऑपरेटर बन चुका है लग्जरी कार अकूत बैंक बैलेंस का मालिक बन चुका यह कंप्यूटर ऑपरेटर राजा महाराजा की तरह ब्लॉक में नवाबी कर दबाव बनाकर योजना में 7 प्रतिशत की खुलेआम वसूली कर रहा है जिस भी व्यक्ति ने इसकी वसूली में सहयोग नहीं किया उसका मनरेगा भुगतान नहीं किया जाता है जिससे केंद्र सरकार की मनरेगा योजना पूरी तरह से चौपट हो चुकी है मनरेगा विभाग के जिला स्तर के अधिकारी भी इसके कार्यवाही पर रोक नहीं लगा सके हैं यदि चचाओं पर जाए तो ब्लॉक की वसूली में मनरेगा के जिला स्तर के अधिकारी साझेदार बताए जाते हैं।

आखिर मनरेगा की वसूली पर कब रोक लगेगी कब मजदूरों को उनका अधिकार मिलेगा या फिर योजना संचालन की आड़ में योजना से जुड़े अधिकारी कर्मचारी मालामाल होते रहेंगे।

## पति और जेठ ने मिलकर महिला को रास्ते में रोककर पीटा

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत काजू गांव के पास पानी की टंकी से कुछ दूरी पर महिला को उसके ही पति व जेठ के साथ कुछ अन्य लोगो ने रास्ता रोककर महिला को गाली गलौज देते हुए बेरहमी से पीट दिया । जिसकी शिकायत महिला द्वारा नजदीकी चरवा थाना पुलिस को दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के लालपुर गांव की रहने वाली ऊष्मा देवी पत्नी हप्पी सरोज ने चरवा थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना में बताया कि बुधवार को शाम छः बजे वह अपनी मां के साथ दो पहिया वाहन से घर जा रही थी तभी चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव की पानी टंकी की कुछ दूरी पर ऊष्मा देवी का जेठ कल्लू वा तूफान इंकु पुत्रगण दुलारे व उस्मा का पति हप्पी पुत्र दुलारे व सुरेश पुत्र मेघना ग्राम सिरियावा कला थाना चरवा पहले से हाथो मे लाठी डंडों से लैस होकर घात लगाए खड़े थे जैसे ही ऊष्मा देवी पहुंची तभी उक्त सभी ऊष्मा देवी जिस गाड़ी पर सवार थी उसे रोकवा कर गाली गलौज देने लगे गाली गलौज का विरोध करने पर उक्त सभी ऊष्मा देवी को खींचकर मारने पीटने लगे साथ ही ऊष्मा देवी ने आरोप लगाया की मारपीट में विपक्षीगणों ने उसका कपड़ा फाड़ दिया। धमकी भी दिया की तुझे जान से मार देंगे बहुत थाने में शिकायत करने जाती है। ऊष्मा देवी की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## सम्पादकीय

### मोदी सरकार ने 57 पदों पर इसी तरह नियुक्तियां की थीं

**लैटरल** एंट्री यानी केंद्र सरकार में वरिष्ठ पदों पर अधिकारियों की सीधी नियुक्ति के फैसले पर विवाद उठने के बाद अब केंद्र की एनडीए सरकार ने इस फैसले को वापस लेने का ऐलान किया है। हाल ही में 17 अगस्त को अखबारों में संघ लोकसेवा आयोग ने केंद्र सरकार के भीतर विभिन्न वरिष्ठ पदों पर लैटरल एंट्री के जरिए 'प्रतिभाशाली भारतीय नागरिकों' की तलाश के लिए एक विज्ञापन जारी किया था। इन पदों में 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव शामिल हैं, जिनमें कुल 45 पद रिक्त हैं।

विज्ञापन इन्हीं 45 पदों के लिए था। इससे पहले 2018 में भी तत्कालीन मोदी सरकार ने 57 पदों पर इसी तरह नियुक्तियां की थीं। लेकिन तब भाजपा बहुमत में थी और मनमाने फैसले लेकर उन्हें लागू भी कर देती थी। लेकिन इस बार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद नरेन्द्र मोदी को एनडीए के सहयोगियों के कारण हासिल हुआ है, इस वजह से वे मनमाने फैसले नहीं ले पा रहे हैं। नतीजा ये है कि सत्ता के ढाई महीनों में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने तीन फैसलों से पीछे हटना पड़ा है। पहले वक्फ बोर्ड संशोधन का विधेयक संसदीय समिति को भेजा गया, फिर ब्रॉडकास्ट विधेयक को टालना पड़ा और अब लैटरल एंट्री के फैसले को भी रद्द किया गया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रमुख को पत्र लिखकर सिविल सेवा निकाय से लैटरल एंट्री के लिए अपना विज्ञापन रद्द करने को कहा है। जितेंद्र सिंह के पत्र में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निदेशों का हवाला देते हुए, संविधान में निहित समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप लैटरल एंट्री की जरूरत का आह्वान किया गया, और विशेष रूप से आरक्षण के प्रावधान का जिक्र किया गया है। यानी अब सरकार अगर लैटरल एंट्री लाती है तो उसमें आरक्षण का पालन किया जाएगा। इस पत्र में जितेंद्र सिंह ने जिस तरह से प्रधानमंत्री के हवाले से संविधान की भावना और आरक्षण की व्यवस्था का जिक्र किया है, वह साफ तौर पर दिखा रहा है कि केंद्र सरकार पर राहुल गांधी का दबाव असर कर रहा है। दरअसल 17 तारीख के विज्ञापन के फौरन बाद ही राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि यूपीएससी को दरकिनार करने और अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों को आरक्षण से वंचित करने के लिए लैटरल एंट्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। राहुल गांधी ने एक ट्वीट में यह भी कहा था कि 'भाजपा का राम राज्य का विकृत संस्करण संविधान को नष्ट करना और बहुजनों से आरक्षण छीनना चाहता है।' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी इसे आरक्षण को खत्म करने वाला फैसला बताया था। अखिलेश यादव ने तो बाकायदा चेतावनी दे दी थी कि अगर इस फैसले को सरकार ने वापस नहीं लिया तो वे 2 अक्टूबर से आंदोलन करेंगे। लालू प्रसाद यादव ने इस फैसले पर कड़ा विरोध दर्ज किया था। यहां तक कि भाजपा का परोक्ष साथ देने वाली बसपा प्रमुख मायावती ने भी इस फैसले पर बाकायदा ट्वीट कर अपना विरोध प्रकट किया था।

# हरियाणा में एक दशक बाद भाजपा को अभूतपूर्व चुनौती

**- डॉ. ज्ञान पाठक**

**जमीनी स्तर पर** राजनीतिक स्थिति बताती है कि मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा होगा, केवल आधा दर्जन सीटों को छोड़कर, जहां बहुकोणीय मुकाबला हो सकता है, जिसमें जेजेपी, आईएनएलडी, आप (अगर अपने दम पर चुनाव लड़ने का फैसला करती है) और कुछ निर्दलीय शामिल हैं। भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर स्पष्ट है।

भारत के चुनाव आयोग द्वारा 16 अगस्त को हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही, राष्ट्रीय एवं राज्य की राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी विशेष राजनीतिक परिस्थितियों से निपटने में लग गई हैं। उनके नेता कई हफ्तों से चुनावी मूड में थे, खासकर 4 जून, 2024 को लोकसभा आम चुनाव के नतीजे आने के बाद से।

सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के नेताओं को चुनावी सक्रियता में बनाये रखने वाली बात लोकसभा चुनाव के नतीजों की प्रकृति है। सत्तारूढ़ भाजपा को सीटों और वोटों के मामले में मिली हार ने एक तरफ उनके नेतृत्व में चिंता और अपने गढ़ को बचाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता को जन्म दिया है, वहीं कांग्रेस की जीत ने उनके कार्यकताओं में उत्साह को दोगुना कर दिया है, जिससे उन्हें उम्मीद है कि वे राज्य में भाजपा को सत्ता से बेदखल कर सकते हैं।

सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के अलावा जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) सहित क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के पास अब केवल तीन सप्ताह का समय है, जिसके दौरान उन्हें टिकटों पर फैसला करना है, राजनीतिक अंतर्कलह के कारण उभरी सीमाओं को पाटना है और राज्य में राजनीतिक गठबंधन के मुद्दों को सुलझाना है। इसलिए, उन्हें पहले से ही बरकरार चुनावी सक्रियता में अपनी गति को बनाये रखते हुए चुनावी बारीकियों से निपटना होगा।

भाजपा पिछले 10 वर्षों से राज्य पर शासन कर रही है, लेकिन अब उसे एक अभूतपूर्व चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जिसका खुलासा लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों से हुआ है। चुनाव से ठीक पहले जेजेपी के साथ उसका गठबंधन टूट गया था। पार्टी ने पंजाबी समुदाय से आने वाले मनोहर लाल खट्टर की जगह ओबीसी नेता नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया था। हालांकि, भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर को दूर नहीं किया जा सका।

भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में जीती गई राज्य की सभी 10 सीटों में से 5 खो दीं और उसका वोट शेयर भी 11.91 प्रतिशत घट गया। इसलिए, अगर पार्टी राज्य में अपनी सत्ता बरकरार रखना चाहती है, तो इस रुझान को बदलना उसके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। भाजपा को अभी भी उम्मीद है कि पार्टी किसानों के गुस्से को कम करने के लिए ओबीसी का लाभ उठा सकेगी।

हालांकि, भाजपा ने अपनी सारी उम्मीदें नहीं खोई हैं, क्योंकि लोकसभा के नतीजों से पता चलता है कि भाजपा ने 44 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की है, जबकि विधानसभा चुनाव 2019 में उसने 90 में से 40 सीटें जीती थीं। भाजपा




नेतृत्व को उम्मीद है कि थोड़ा और प्रयास करके पार्टी अपने दम पर बहुमत हासिल कर सकती है, भले ही राज्य में एनडीए मजबूत नहीं है क्योंकि भाजपा ने कुछ महीने पहले जेजेपी से नाता तोड़ लिया था। भाजपा नेतृत्व को यह भी उम्मीद है कि इंडिया ब्लॉक एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ सकता है, और इसलिए वे विधानसभा क्षेत्रों की संख्या के मामले में कांग्रेस पर बढ़त हासिल कर सकते हैं।

लोकसभा के नतीजों से पता चलता है कि जेजेपी और इनेलो ने राज्य में अपना प्रभाव काफी हद तक खो दिया है। जेजेपी ने 2019 के विधानसभा चुनाव में 10 सीटें जीती थीं, लेकिन वह लोक सभा चुनाव के दौरान किसी भी विधानसभा क्षेत्र में बढ़त हासिल नहीं कर सकी। पार्टी को 1 प्रतिशत से भी कम वोट मिले, जिसे भाजपा के साथ जाने के लिए पार्टी के खिलाफ मतदाताओं के गुस्से के रूप में समझा गया। किसान समुदाय भाजपा से नाराज हैं, जो लगता है कि अपनी वफादारी जेजेपी से दूर कर चुके हैं। इनेलो ने 2019 में 1 सीट जीती थी, लेकिन उसका भी यही हश्र हुआ, और वह किसी भी विधानसभा क्षेत्र में बढ़त हासिल नहीं कर सकी, जो बताता है कि किसान समुदाय इनेलो के साथ भी नहीं है।

हालांकि कांग्रेस ने भाजपा से 5 लोकसभा सीटें छीन ली थीं और अपने वोट शेयर में 15.16 प्रतिशत की वृद्धि की थी, लेकिन उसे केवल 42 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली थी, जो भाजपा से 2 कम थी। यही कांग्रेस के लिए चुनौती है, जिसे सत्तारूढ़ भाजपा से मुकाबला करने और इंडिया ब्लॉक के लिए बहुमत हासिल करने के लिए स्पष्ट रूप से एक सहयोगी की आवश्यकता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कांग्रेस पिछले कुछ समय से राज्य में फिर से उभर रही है, जो जमीन पर और विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त के मामले में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 30 सीटें जीती थीं।

आम आदमी पार्टी भले ही इंडिया ब्लॉक के हिस्से के रूप में कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ी हो, लेकिन वह एक भी लोकसभा सीट नहीं जीत पाई। हालांकि, इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि आप ने 4 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की है। इस प्रकार, इंडिया ब्लॉक ने कुल 90 में से 46 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की है, जो स्पष्ट बहुमत का आंकड़ा है, जो भाजपा की बढ़त से 2 अधिक है। हालांकि, यह अभी भी अनिश्चित है कि आप और कांग्रेस इंडिया ब्लॉक के घटक के रूप में हरियाणा विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेंगे या नहीं। आप नेतृत्व ने कई बार दोहराया है कि कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे की व्यवस्था केवल लोकसभा चुनाव के लिए थी।

फिर भी, जमीनी स्तर पर राजनीतिक स्थिति बताती है कि मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा होगा, केवल आधा दर्जन सीटों को छोड़कर, जहां बहुकोणीय मुकाबला हो सकता है, जिसमें जेजेपी, आईएनएलडी, आप (अगर अपने दम पर चुनाव लड़ने का फैसला करती है) और कुछ निर्दलीय शामिल हैं। भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर स्पष्ट है और किसान अभी भी पीएम मोदी की किसान विरोधी नीतियों से नाराज हैं, जिससे कांग्रेस को 2024 में राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा से सत्ता छीनने की उम्मीद जगी है।

हरियाणा विधानसभा के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए राज्य विधानसभा चुनाव, जिसका कार्यकाल 4 नवंबर, 2024 को समाप्त होना है, 1 अक्टूबर को एक चरण में होंगे।

# श्रीकृष्ण हैं सृष्टि के महानायक एवं मैंनेजमेंट गुरु

**-ललित गर्ग -**

**भगवान** श्रीकृष्ण हमारी संस्कृति के एक अद्भुत एवं विलक्षण महानायक एवं मैंनेजमेंट गुरु हैं। श्रीकृष्ण का चरित्र एक प्रभावी एवं सफल मैंनेजमेंट गुरु वाले लोकनायक का चरित्र है। वह द्वारिका के शासक भी है किंतु कभी उन्हें राजा श्रीकृष्ण के रूप में संबोधित नहीं किया जाता। वह तो ब्रजनंदन है। कुशल प्रबंधन सोच के कारण ही समाज एवं राष्ट्र व्यवस्था उनके लिये कर्त्तव्य थी, इसलिये कर्त्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिये उसे कभी नकारा नहीं। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। श्रीकृष्ण के प्रबंधन रहस्य को समझना होगा कि उन्होंने किस प्रकार आदर्श राजनीति, व्यावहारिक लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, एकात्म मानववाद और अनुशासित सैन्य एवं युद्ध संचालन किया। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए- इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व नेतृत्व एवं प्रबंधन की समस्त विशेषताओं को समेटे बहुआयामी एवं बहुरंगी है, यानी राजनीतिक कौशल, बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने और क्या? एक देश-भक्त के लिए श्रीकृष्ण भगवान तो हैं ही, साथ में वे जीवन जीने की कला एवं सफल नागरिकता भी सिखाते है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं से भारतीय-संस्कृति में उच्च महाप्रबंधक का पद प्राप्त किया। एक ओर वे राजनीति के ज्ञाता, तो दूसरी ओर दर्शन के प्रकांड पंडित थे। धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जगत में भी नेतृत्व करते हुए ज्ञान-कर्म-भक्ति का समन्वयवादी धर्म उन्होंने प्रवर्तित किया। अपनी योग्यताओं के आधार पर वे युगपुरुष थे, जो आगे चलकर युवावतार के रूप में स्वीकृत हुए। उन्हें हम एक महा- क्रांतिकारी नायक के रूप में स्मरण करते हैं। वे दार्शनिक, चिंतक, गीता के माध्यम से कर्म और सांख्य योग के संदेशवाहक और महाभारत युद्ध के नीति निर्देशक थे किंतु सरल-निश्छल ब्रजवासियों के लिए तो वह रास रचैया, माखन चोर, गोपियों की मटकी फोड़ने वाले नटखट कन्हैया और गोपियों के चितचोर थे। गीता में इसी की भावाभिव्यक्ति है- हे अर्जुन! जो भक्त मुझे जिस भावना से भजता है मैं भी उसको उसी प्रकार से भजता हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में भी हम इन्हीं प्रबंधकीय विशेषताओं का दर्शन करते है, क्योंकि श्रीकृष्ण के जीवन-आदर्शों को आत्मसात करते हुए वे एक कुशल प्रबंधक के रूप में सशक्त भारत-नया भारत निर्मित कर रहे हैं।

सही प्रबंधन के बिना किसी भी कार्य से



श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त नहीं किये जा सकते। जिस तरह जीवन के प्रत्येक कार्य में सुनिश्चित सफलता के लिये सही प्रबंधन अति आवश्यक है, उसी तरह सही ढंग से जीने एवं सार्थक जीवन के लिये भी सही प्रबंधन जरूरी है। श्रीकृष्ण ने मैंनेजमेंट गुरु की भूमिका निभाते हुए सफल एवं सार्थक जीवन जीने के प्रबंधन सूत्र दिये, जो सदियों से सम्पूर्ण मानवजाति का पथ-दर्शन कर रहे हैं। श्रीकृष्ण के प्रबंधन नीति की खासियत यह है कि उनकी भावना और विवेक एक दूसरे का पूरक है। मैनेजमेंट गुरु श्रीकृष्ण का वह व्यावहारिक कौशल ही था कि अत्याचारी कंस को सबसे पहले आर्थिक रूप से कमजोर किया गया और फिर उसका वध किया। पूरे महाभारत युद्ध के दौरान कहीं भी श्रीकृष्ण उहापोह की स्थिति में नजर नहीं आये। एक ही व्यक्ति में अनेक गुणों, विशेषताओं एवं कौशल का समावेश तभी हो सकता है, जब वह प्रबंधन में निष्णात हो। श्रीकृष्ण एक ऐसा ही आदर्श चरित्र है जो अर्जुन की मानसिक व्यथा का निदान करते समय एक मनोवैज्ञानिक, कंस जैसे असुर का संहार करते हुए एक धर्मावतार, स्वार्थ पोषित राजनीति का प्रतिकार करते हुए एक आदर्श राजनीतिज्ञ, विश्व मोहिनी बंसी बजैया के रूप में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ, बृजवासियों के समक्ष प्रेमावतार, सुदामा के समक्ष एक आदर्श मित्र, सुदर्शन चक्रधारी के रूप में एक योद्धा व सामाजिक क्रान्ति के प्रणेता हैं। उनके जीवन की छोटी से छोटी घटना से यह सिद्ध होता है कि वे सर्वैश्वर्य सम्पन्न थे। धर्म की साक्षात मूर्ति थे। कुशल राजनीतिज्ञ थे। सृष्टि संचालक के रूप में एक महाप्रबंधक थे।

भगवान श्रीकृष्ण के मैनेजमेंट मंत्र के अनुसार श्रेष्ठ व्यक्ति को हमेशा अपने पद और गरिमा के अनुसार ही व्यवहार या आचरण करना चाहिए। क्योंकि वह लोगों के लिए आदर्श हैं और वो जैसा करेंगे लोग भी वैसा ही अनुसरण करेंगे। कुरुक्षेत्र के युद्ध मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो गीता के उपदेश दिये थे, वे मैंनेजमेंट अमरसूक्त हैं। मोहवश अर्जुन ने हथियार त्याग दिए थे, तब गीता के उपदेशों के जरिये ही भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को धमार्नुसार कर्म करने की प्रेरणा दी। महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण ने जो उपदेश दिए थे, इनमें मैनेजमेंट के सूत्र छिपे हुए हैं। इस सूत्रों को समझकर कोई भी इंसान अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलावों से उन्नति कर सकता है। श्रीकृष्ण के अनुसार जिस मनुष्य के मन में किसी प्रकार की इच्छा या कामना होती है, उसे कभी सुख शांति प्राप्त नहीं होती। इसलिए सुख-शांति हासिल करने के लिए इंसान को सबसे पहले अपनी इच्छाओं का त्याग करना होगा। हम कर्म के साथ उसके आने वाले परिणाम के बारे में सोचते हैं जो हमें कमजोर बनाता है। लेकिन हमें परिणाम की चिंता न करके अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, जिससे हम अपने कर्तव्य का पालन कर सकें, यह प्रबंधन का आदिसूत्र हैं।

श्रीकृष्ण का प्रशासनिक एवं राजनीतिक चरित्र अत्यन्त अलौकिक है, उनके समग्र विचार दर्शन का संक्षेप में केवल एक संदेश है- कर्म। कर्म के माध्यम से ही समाज की अनिष्टकारी प्रवृत्तियों का शमन करके उनके स्थान पर वरेण्य प्रवृत्तियों को स्थापित करना संभव होता है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व असीम करुणा से परिपूर्ण है। लेकिन अनीति और अत्याचार का प्रतिकार करने वाला उनसे कठोर व्यक्ति शायद ही कोई मिले। जो श्रीकृष्ण अपने से प्रेम करने वाले के लिए नंगे पांव दौड़े चले जाते थे, वही श्रीकृष्ण दुष्टों को दण्ड देने के लिए अत्यंत कठोर और निर्मम भी हो जाते थे। कब प्रेम करना और कब घृणा, कब कठोर होना और कब करुणामय- यह उचित प्रबंधन से ही संभव है। भगवान श्रीकृष्ण से प्रेम के साथ-साथ जीवन के सबसे खराब दौर में कैसे अच्छा परिणाम पाएं इसका गुण भी हम लोग सीख सकते हैं। अपने जन्म से लेकर लीला समाप्ति तक, अपने पूरे अवतार के समय तक श्रीकृष्ण ने कई संघर्षों को सुलझाया और देखा भी। परिस्थिति को अपने अनुकूल बनाने की कला सिर्फ श्रीकृष्ण में ही थी। श्रीकृष्ण का यह प्रबंधन कौशल एवं समय-नियोजन ही था कि उन्होंने 64 दिन में 64 कलाओं का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। श्रीकृष्ण ने वैदिक कलाओं के साथ-साथ दूसरी कलाएं भी सीखी थीं। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे आपके व्यक्तित्व का रचनात्मक विकास हो। श्रीकृष्ण ने 64 कलाओं के साथ-साथ संगीत, नृत्य व युद्ध की भी कला भी सीखी थी। एक बार पांडवों के राजसूय यज्ञ में शिशुपाल श्रीकृष्ण को अपशब्द कहता रहा। वह छोटा भाई था, लेकिन बोलते-बोलते उसने सारी मर्यादाएं तोड़ दीं। सभा में मौजूद सभी लोग क्रोधित थे लेकिन श्रीकृष्ण शांत थे और मुस्कुरा रहे थे। एक बार श्रीकृष्ण शांति दूत बनकर दुर्योधन के पास गए तो उसने श्रीकृष्ण का बहुत अपमान किया। श्रीकृष्ण शांत रहे। इसलिए अगर हमारा दिमाग स्थिर है और मन शांत है तभी हम कोई सही निर्णय ले पाएंगे। गुस्से में हमेशा नुकसान होता है। उचित प्रबंधन के माध्यम से हम यह सीख सकते हैं और श्रीकृष्ण इसके प्रयोक्ता थे।

श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पर्याय है। उनके आदर्शों के माध्यम से ही विश्व ने भारत को जाना है। उनके आदर्शों की पुनर्प्रतिष्ठा से विश्व फिर से भारत को जानेगा। राजनैतिक सूक्ष्म दृष्टि, दुष्टों, राष्ट्रद्रोहियों, अपराधियों एवं भ्रष्टाचारियों का दलन, वचन पालन का संकल्प, राष्ट्रहितार्थ आत्मसमर्पण का व्रत, निष्पाप लोगों की मुक्ति, विषमताओं का उन्मूलन, विभेदों में सामंजस्य, परस्पर शत्रुता का निवारण, स्वयं स्वीकृत आत्मसंयम, राष्ट्र कार्यों में सबका सहयोग, राजसत्ता पर धर्मसत्ता का अंकुश और इन सबकी पूर्ति के लिए सत्ता का भी त्याग इत्यादि श्रीकृष्ण के प्रबंधन-गुण भारत के राष्ट्रीय जीवन एवं सांस्कृतिक मूल्य हैं। वास्तव में श्रीकृष्ण उस कोटि के चिंतक थे, जो काल की सीमा को पार कर शाश्वत और असीम तक पहुंचता है। जब-जब अनीति बढ़ जाती है, तब-तब श्रीकृष्ण जैसे राष्ट्रनायक को अवतीर्ण होना पड़ता है। जैसा कि स्वयं श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है- यदा-यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारतः, अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्। अर्थात अन्याय के प्रतिकार के लिए ही राष्ट्रनायक को जन्म लेने की आवश्यकता पड़ती है।

श्रीकृष्ण अनेक प्रबंधन विशेषताओं के समवाय थे, वे ग्रामीण संस्कृति के पोषक बने हैं। उन्होंने अपने समय में गायों को अभूतपूर्व सम्मान दिया।

वे गायों एवं ग्वालों के स्वास्थ्य, उनके खान-पान को लेकर सजग थे। उन्होंने जहां ग्वालों की मेहनत से निकाला गया माखन और दूध-दही को स्वास्थ्य रक्षक के रूप में प्रतिष्ठित किया वही इन अमूल्य चीजों को ह्यकरह्व के रूप में कंस को देने से रोका। वे चाहते थे कि इन चीजों का उपभोग गांवों में ही हो। श्रीकृष्ण का माखनचोर वाला रूप दरअसल निरंकुश सत्ता को सीधे चुनौती तो था ही, लेकिन साथ ही साथ ग्रामीण संस्कृति को प्रोत्साहन देना भी था। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव-जन्माष्टमी पर आज भारत का निर्माण उनकी शिक्षाओं, जीवन-आदर्शों, प्रबंधन-कौशल एवं सिद्धान्तों पर करने की अपेक्षा है, तभी हिन्दू सशक्त होंगे, तभी भारत सही अर्थों में हिन्दू राष्ट्र बन सकेगा।

# उन्हें डर है

**- सर्वमित्रा सुरजन**

**समाज में** गरीबी और अमीरी, अगड़ों और पिछड़ों की जो व्यवस्था बनी हुई है, वह बनी रहे, यह उच्च और सवर्ण तबके की सोच है। भाजपा ने सत्ता में आने के बाद इस सोच को और मजबूत किया। इसलिए देश में आर्थिक गैरबराबरी भी पहले से कई गुना बढ़ गई, इसके साथ ही अल्पसंख्यकों और दलितों पर अत्याचारों में भी बढ़ोत्तरी आई। आरक्षण को खत्म करने की कोशिशें नए सिरे से भाजपा के शासनकाल में शुरू हुईं।

18वीं लोकसभा के शुरूआती काल में ही देश में दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, किसानों, वंचित तबकों के सवालों पर विमर्श तेज होने लगा है, यह एक मजबूत होते लोकतंत्र की पहचान है। सुप्रीम कोर्ट ने अजा जजा वर्ग में उपवर्गों और क्रीमी लेयर को लेकर जो फैसला दिया था, उस पर देश के कई दलित और आदिवासी संगठनों ने अपनी असहमति दर्ज की थी। विपक्ष ने भी इस फैसले को ठीक नहीं बताया था, नतीजा यह हुआ कि केंद्र सरकार को ऐलान करना पड़ा कि वह इसे लागू नहीं करेगी। लेकिन बुधवार 21 अगस्त को इस फैसले को रद्द कराने की मांग पर भारत बंद का सफल आह्वान हुआ। इससे पहले सिविल सेवाओं में लैटरल एंट्री के जरिए प्रवेश का फैसला भी सरकार को वापस लेना पड़ा, क्योंकि विपक्ष ने आरोप लगाया था कि यह फैसला आरक्षण और संविधान विरोधी है। अपने फैसलों से भाजपा जितनी बार पीछे हट रही है, उतनी बार उसकी जुबान पर संविधान और बाबा साहेब अंबेडकर का नाम आ रहा है। भाजपा को अब चीख-चीख कर यह साबित करने की जरूरत पड़ रही है कि श्री मोदी समानता के अधिकार के रक्षक हैं, सामाजिक न्याय में उनका गहरा विश्वास है, संविधान में उनकी गहरी आस्था है। भाजपा की यह कोशिश बता रही है कि वह अब भीतर से असुरक्षित महसूस कर रही है। क्योंकि कांग्रेस के खिलाफ उसने जो अभियान छेड़ा था, वह असफल हो चुका है। वहीं न राहुल गांधी को उनके मार्ग से भाजपा हटा पाई है, न सोनिया गांधी की गरिमा पर कोई दाग लगा पाई है।

दस बरस पहले जब भाजपा 10 सालों के अंतराल के बाद सत्ता में आई थी, तब कांग्रेस के खिलाफ नफरत गहरी करने का खेल काफी तेज हो गया था। भाजपा के शीर्ष



नेताओं नरेन्द्र मोदी और अमित शाह ने कांग्रेस मुक्त भारत का बाकायदा अभियान चलाया था। जनता को यह समझाने की कोशिश की गई कि इस देश के लिए सबसे अधिक खतरनाक कुछ है, तो वो कांग्रेस है। कांग्रेस की मौजूदगी को लेकर भाजपा की सतर्कता इस हद तक थी कि उसे सत्ता से हटाकर भी भाजपा निश्चिंत नहीं हुई, बल्कि कांग्रेस को नेस्तनाबूद करने पर उसने ध्यान लगाया। इसके लिए राहुल गांधी और सोनिया गांधी की छवियों पर गंभीर प्रहार हुए, जो अब तक जारी हैं। इसके अलावा कांग्रेस को तोड़ा गया, उसकी राज्य सरकारों को गिराने के षड्यंत्र हुए और इसमें भाजपा कामयाब भी हुई। दरअसल कांग्रेस को लेकर भाजपा और संघ इसलिए सशंकित रहते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि अपनी तमाम बुराइयों, कमियों और कई गलत फैसलों के बावजूद कांग्रेस कभी भी इस देश की मूल संरचना पर प्रहार नहीं करेगी। न ही कभी नेहरू-गांधी-आजाद-बोस-अंबेडकर-पटेल-भगत सिंह के आदर्श भारत की परिकल्पना को भूलेगी। कांग्रेस हर हाल में संविधान की भावनाओं के अनुरूप ही देश को चलाएगी। यूपीए शासनकाल के 10 बरस इसका प्रमाण हैं, जिनमें मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार जैसे कई फैसले लिए गए, जिनसे पूंजीपतियों और सुविधा संपन्न उच्च तबके को उलझन होने लगी। खुद कांग्रेस के भीतर भी इन फैसलों पर अंतर्विरोध हो रहे थे, क्योंकि सोनिया गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद जो प्रगतिशील फैसले ले रही थी, वह संपन्न, सवर्ण तबके की सोच के खिलाफ थे। ये तबका उस सोच का हिमायती रहा है, जहां किसी रिक्शाचालक या दर्जी या मोची या किसान अगर शहरों के मॉल में जाकर अपनी मेहनत की कमाई खर्च करे तो यह उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में दखल लगने लगता है।

समाज में गरीबी और अमीरी, अगड़ों और पिछड़ों की जो व्यवस्था बनी हुई है, वह बनी रहे, यह उच्च और सवर्ण तबके की सोच है। भाजपा ने सत्ता में आने के बाद इस सोच को और मजबूत किया। इसलिए देश में आर्थिक गैरबराबरी भी पहले से कई गुना बढ़ गई, इसके साथ ही अल्पसंख्यकों और दलितों पर अत्याचारों में भी बढ़ोत्तरी आई। आरक्षण को खत्म करने की कोशिशें नए सिरे से भाजपा के शासनकाल में शुरू हुईं। 2015 में बिहार विधानसभा चुनावों के वक्त संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आरक्षण की समीक्षा करने के विचार प्रकट किए थे, लेकिन इसका नुकसान भाजपा को हुआ तो कुछ वक्त के लिए आरक्षण पर बयान देने से बचा गया। फिर मोहन भागवत जातिगत भेदभाव को समाज के लिए अभिशाप बताने लगे और पिछले साल उन्होंने कहा कि निचली जातियों द्वारा 2,000 वर्षों से झेले गए भेदभाव की भरपाई के लिए अगर आरक्षण को अगले 200 वर्षों तक जारी रखना होगा, तो वह इसका समर्थन करेंगे। मगर अब संघ के ही मुखपत्र पांचजन्य के संपादकीय में संपादक हितेश शंकर ने लिखा है कि जाति व्यवस्था एक चेन सिस्टम की तरह है जो भारत के विभिन्न वर्गों को उनके पेशे और परंपरा के अनुसार वर्गीकृत करने के बाद एक साथ रखती है। पांचजन्य में लिखा है 'भारत के उद्योगों को नष्ट करने के अलावा, आक्रमणकारियों ने भारत की पहचान को बदलने के लिए धर्मांतरण पर ध्यान केंद्रित किया। जब जाति समूह झुके नहीं तो उन्हें अपमानित किया गया।' इसके अलावा जाति जनगणना पर पांचजन्य ने लिखा कि 'हिंदू जीवन, जिसमें गरिमा, नैतिकता, जिम्मेदारी और सांप्रदायिक भाईचारा शामिल है, जाति के इर्द-गिर्द घूमता है। ...तो कांग्रेस ने इसे हिंदू एकता में एक बाधा के रूप में देखा। वह अंग्रेजों की तर्ज पर लोकसभा सीटों को जाति के आधार पर बांटकर देश में बंटवारा बढ़ाना चाहती है।

# पुरातत्व स्थलों समेत क्षेत्र का होगा सुन्दरीकरण

## डीएम ने देखे विकास कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने पर्यटन विकास के विभिन्न कार्यों में गणेश बाग के पास राम वाटिका निर्माण के निरीक्षण दौरान क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि पार्क में बाउंड्रीवॉल, म्यूरल्स, साउंड सिस्टम, बेंचेज, पाथवे, फाउंटेन, लैंड स्कैपिंग, गार्डन का निर्माण होना है, बाउंड्रीवाल का कार्य जारी है।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने कहा कि पुरातत्व विभाग से निर्माण कार्य की एनओसी लेने को आनलाइन आवेदन करें। गणेश बाग के सुन्दरीकरण का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें। तीर्थ विकास परिषद कार्यालय निरीक्षण दौरान कॉन्फ्रेंस हॉल समेत कक्षों का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि पहले ये म्यूजियम बनाया गया था। तीर्थ विकास परिषद का कार्यालय है। इसी कार्यालय के सामने तीर्थ विकास परिषद कार्यालय निर्माण को भूमि चिन्हित है। निर्माण कार्य को टेंडर कराया है। कार्यालय व आवासीय भवनों का निर्माण होना है। जिलाधिकारी ने कोठी तालाब में पर्यटन विकास के कार्यों का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि बेंचेज साइनेज, लाइटिंग, लैंड स्क्रैपिंग, रिटेनिंग वॉल, पाथवे पार्किंग आदि निर्माण होना है, टेंडर हो गया है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिये कि रिटेनिंग वॉल में ग्रिल का प्रस्ताव करें। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि पुरातत्व विभाग से एनओसी को आवेदन करें। अटल पार्क निरीक्षण दौरान ईओ नगर पालिका को निर्देश दिये कि साफ-सफाई अच्छे से करायें। पार्क को और डेवलप करें। जिलाधिकारी ने बेडीपुलिया में गेट निर्माण व चैराहे के सुन्दरीकरण के कार्य देखे। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि बेड़ीपुलिया में गेट निर्माण कार्य जारी है। साइड में दोनों ओर पाथवे निर्माण होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि पाथवे निर्माण पर ग्रिल लगायें। बेड़ीपुलिया से रामघाट तक बीच के पाथवे में ग्रिल लगाने का प्रस्ताव बनायें। जिलाधिकारी ने यात्री सुविधा स्थल चितरा गोकुलपुर निर्माण कार्य देखा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा हो गया है। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि तीर्थ विकास परिषद को हैंडओवर करायें। जिलाधिकारी ने तीर्थ क्षेत्र खोही तालाब के सुन्दरीकरण का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि तालाब के चारों ओर पाथवे टाइप से बेंच लाइटिंग का प्रस्ताव शासन को भेजा है। जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका से कहा कि चैराहे पर हाई मास्क लाइट लगायें। उन्होंने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि तालाब का अच्छी तरह से प्लान बनाकर कार्य करें। ये तीर्थ क्षेत्र परिक्रमा मार्ग से जुड़ा है। यहां पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को बैठने-ठहरने की सुविधा मिले। निरीक्षण दौरान एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव आदि कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारी मौजूद रहे।



विकास कार्य की रूपरेखा बनाते डीएम।

# पुलिस ने चोर को माल समेत दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में चैकी सीतापुर पुलिस ने चोर को चोरी के माल समेत दबोचा।

ज्ञात है कि नौ अगस्त को रामकेश पुत्र जुवान बीएसएनएल टावर चितरागोकुलपुर रोड सीतापुर ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई कि घर के पास उनके ऑटो रिक्शा से बैटरी, स्टेपनी, क्लिप कटोरा, साउण्ड चोरी हो गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर चैकी सीतापुर को विवेचना सौंपी। चैकी प्रभारी मेवालाल मौर्य ने एक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ऑटो रिक्शा बैटरी बरामद की। विवेचना में बलवीर पुत्र रामकृपाल चितरागोकुलपुर को दबोचकर ऑटो रिक्शा स्टेपनी, क्लिप कटोरा, साउंड मशीन बरामद किया। पूंछतांछ में चोर ने बताया कि साथी दीपू व बुद्धविलास के साथ चोरी की थी। टीम में दरोगा मेवालाल मौर्य, सिपाही अभिषेक प्रताप सिंह व रविन्द्र कुमार शामिल रहे।

# देवांगना नगर आवासीय योजना पर हुई चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण बैठक कैम्प सभाकक्ष में कर देवांगना नगर आवासीय योजना पर विस्तार से चर्चा की।

गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैम्प सभागार में हुई बैठक में आवासीय कालोनी विकास के निर्देश दिये। प्राधिकरण ने जो डीपीआर बनाया है, उसका परीक्षण प्रयागराज विकास प्राधिकरण से कराने के निर्देश दिये। बंजर व परती भूमि विकास को प्राधिकरण को उपलब्ध कराने को शासनादेश के आलोक में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। प्राधिकरण को प्राप्त होने वाले स्टाम्प शुल्क की धनराशि को शासन से प्राप्त करने को पत्राचार करें। योजना से ग्राम समाज की भूमि को प्राधिकरण अपने अधिकार में लेकर क्रियान्वित करे। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि सोनपुर स्थित 33 केबी विद्युत सब स्टेशन को अपग्रेड करें। जिला पंचायत की योजना तहत निर्मित होने वाली सड़कों को विभागीय बजट में समाहित करायें। बैठक में एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचापत सुधीर कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत, एआईजी स्टांप श्याम सुंदर यादव, प्राधिकरण के लेखाधिकारी तथा चार्टेट एकाउंटेट व जेई ज्ञानेन्द्र सिंह मौजूद रहे।



देवांगना नगर योजना चर्चा करते डीएम।

# युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परिवार में हुए विवाद बाद एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। ये घटना बुधवार को हुई। जीआरपी ने सूचना पर परिजनों से शव की शिनाख्त कराई। रैपुरा गांव के पवन कुमार ने बताया कि भतीजा चंद्रदत्त पटेल (24) रायपुर में प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता था। रक्षाबंधन से दो दिन पहले वह 18 अगस्त को छुट्टी लेकर घर आया था। घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसने रायपुर लौटने की जिद पकड़ ली। चंद्रदत्त ने बहन से कहा कि वह उसे उसी दिन राखी बांध दे। परिवार ने अगले दिन 19 अगस्त को राखी बंधवाने के बाद जाने को कहा। इस बात से खफा होकर वह घर से निकल गया। परिजनों को लगा कि आसपास होगा, जल्दी वापस आ जाएगा। लौटकर नहीं आया तो परिजन चिंतित हो गये।

बुधवार को चंद्रदत्त का शव मानिकपुर रेल पटरी पर मिला। जीआरपी प्रभारी विनेश कुमार ने बताया कि शव की पहचान पहले नहीं हो सकी थी। पुलिस टीम को स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है। चंद्रदत्त की तलाश में निकले परिजन ने शव की पहचान व पुष्टि की। चंद्रदत्त परिवार में इकलौता भाई था। तीन बहनें हैं। इस कदम से परिवार में गहरा शोक है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सौंपा है।

# चोरी की दो बाइकें-तमंचा-नकदी समेत दो चोर दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में राजापुर पुलिस ने दो अन्तर्जनपदीय चोरों को दो मोटरबाइकों, तमंचा-कारतूस व नकदी समेत गिरफ्तार किया।

गुरुवार को पुलिस ने अन्तर्जनपदीय चोर रंजीत कुमार उर्फ नरबद लोधी पुत्र हीरालाल टेवा मंझनपुर कौशाम्बी, नसीम पुत्र स्व बफाती ढफाली भरसवा मंझनपुर कौशाम्बी को दबोचा। इनका आपराधिक इतिहास है। ये राजापुर से कर्वी की ओर फायर स्टेशन मोड़ से दबोचे गये हैं। दरोगा इमरान खान टीम के साथ गश्त पर थे। रात में राजापुर से कर्वी जाने वाली सड़क पर इन्हें गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा इमरान खान, दरोगा कन्हैया बक्श सिंह, दरोगा कृष्णदेव मिश्र, सिपाही प्रकाश मिश्रा व लवकुश यादव शामिल रहे।



पुलिस गिरफ्त में चोर।

## जांच कराकर हैंडओवर करायें आडिटोरियमः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व सीडीओ अमृतपाल कौर ने रुर्बन मिशन के तहत निर्मित ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर सीडीओ से कहा कि ऑडिटोरियम निर्माण की जांच को कमेटी बनायें। निरीक्षण करा लें कि जो डिजाइन निर्माण प्रांक्कलन में दी गई थी, उसी अनुसार बना है या नहीं। कोई कमी हो तो जांच कराकर तीर्थ विकास परिषद को हैंडओवर करायें। गुरुवार को डीएम ने कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिये कि जो कार्य शेष है, तत्काल पूरा करें। निरीक्षण दौरान एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग रहे अच्छीः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सीएम डैशबोर्ड से जिले के राजस्व विभाग की योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक में भूतत्व-खानिकर्म, राज्यकर, स्टाम्प, आबकारी, मंडी, नगर विकास, परिवहन, राजस्व, वन, लोनिवि, उद्योग, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक, कृषि विपणन व विदेश व्यापार, खाद एवं औषधि प्रशासन, खाद्य एवं रसद विभागों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि जिन विभागों की रैंकिंग इस माह कम हुई है, उन बिंदुओं पर प्रगति करायें, ताकि जिले की रैंकिंग अच्छी रहे।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने एसडीएम व तहसीलदार से कहा कि राजस्व विभाग के जिन बिंदुओं पर सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग कम है, प्रगति कर समीक्षा करें। कहा कि जिन परीक्षा केंद्रों पर पुलिस परीक्षा संपन्न कराने में ड्यूटी लगी है, वहां सभी व्यवस्थायें देखें, कोई समस्या हो तो तत्काल निस्तारण करायें। डीएम ने आईजीआरएस मामलों बाबत अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर निस्तारित करें। पत्रों के निस्तारण में लगाई आख्या साफ होनी चाहिए। बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, एसडीएम न्यायिक मोहम्मद जसीम, उपयुक्त राज्य कर अवनीश कुमार चैधरी, डीएसओ आनंद कुमार सिंह, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, एआईजी स्टांप श्याम सुंदर यादव, डिप्टी आरएमओ अविनाश चंद्र झा आदि मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर जुल्म विरोध में सडक पर उतरे संत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश हिंदू रक्षा समिति के आवाहन पर बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रमुख संतों की अगुवाई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठनों ने रामलीला मैदान से सदर तहसील तक रामधुन गाते हुए विरोध मार्च निकाला। जिलाधिकारी को राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपकर बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा को ठोस कदम उठाने की मांग की।

गुरुवार को मुख्यालय के रामलीला मैदान से कामतानाथ मंदिर के महंत मदनगोपाल दास, तुलसी पीठ के युवराज आचार्य रामचंद्र दास, भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवनदास, गायत्री शक्ति पीठ संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी, स्वामी मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर के महंत प्रदीप महाराज आदि संतों की अगुवाई में संघ से जुड़े संगठनों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में रामधुन गाते हुए विरोध जुलूस निकाला। पुरानी बाजार, काली देवी चैराहा, धनुष चैराहा, पटेल तिराहा होते हुए जुलूस तहसील परिसर पहुंचा। यहां राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। कामतानाथ मंदिर महंत मदन गोपाल दास ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। हिंदू बहन-बेटियों के साथ दरिंदगी हो रही हैं। पूरे भारत के हिंदू आहत हैं। देश का संत समाज बांग्लादेश के हिंदुओं के हो रहे शोषण व उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दास्त नहीं करेगा।



एसडीएम को ज्ञापन देते संत।



टीकाकरण की शुरुवात करते जनप्रतिनिधि।

# विशेष टीकाकरण से जापानी इंसेफेलाइटिस से बचेंगे बच्चेः अशोक जाटव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड के आकांक्षी जिले को जापानी इंसेफेलाइटिस दिमागी बुखार से बचाने को सूबे की योगी सरकार ने विशेष टीकाकरण अभियान की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, सीडीओ अमृत पाल कौर, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल व सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने जगमोहन सिंह पब्लिक स्कूल के छात्रों को जेई का टीका लगाकर की।

गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि जापानी बुखार घातक बीमारी है। पूर्वांचल के गोरखपुर व आसपास जिलों में जानलेवा बीमारी का कहर था। जिले में भी रोग से ग्रस्त मरीज मिलने पर प्रदेश सरकार ने विशेष टीकाकरण अभियान चलाया है। सीडीओ अमृतपाल कौर ने बताया कि जापानी इंसेफेलाइटिस दिमागी बुखार से बचाव को 22 अगस्त से टीकाकरण अभियान चला है। एक से 15 वर्ष के 333009 बच्चों को टीका लगाकर घातक बीमारी से बचाव करना है। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि जेई टीकाकरण अभियान 20 सितंबर तक जारी रहेगा। 160 एएनएम, आशा कार्यकर्ता व 25 स्टाफ नर्सों को तैनात किया है। इस मौके पर जेएम पब्लिक स्कूल प्रबंधक जगमोहन सिंह समेत विभागीय अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# संगठन को मजबूत कर मोदी के हाथों को करेंगे मजबूतः संदीप तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत में नरेन्द्र मोदी विचार मंच के तीन करोड़ से अधिक कार्यकर्ता बड़े शहरों से लेकर देश के अन्तिम गांव तक संगठन को मजबूत बनाकर मोदी के हाथों को मजबूत कर देश को सर्व शक्तिशाली बनाकर विश्व गुरु बनाने को जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। इसी उद्देश्य को पूरा करने को नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य की सहमति से मप्र के अध्यक्ष सुनील सांखला, राष्ट्रीय बौद्धिक मंच मप्र के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्री 1008 लल्ली महराज अनुसुइया आश्रम चित्रकूट, उप्र राष्ट्रीय बौद्धिक मंच के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्री 1008 दिव्य जीवनदास महाराज, सतना जिले के जिलाध्यक्ष दीप भटनागर, चित्रकूट जिलाध्यक्ष संदीप द्विवेदी की अनुशंसा पर नरेन्द्र मोदी विचार मंच के मुख्य राष्ट्रीय महासचिव सूरज ब्रम्हे ने चित्रकूट के समाजसेवी संदीप कुमार तिवारी को नरेंद्र मोदी विचार मंच मुख्य शाखा रीवा सम्भाग का संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया है।

गुरुवार को नियुक्ति पर संदीप तिवारी ने खुशी जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका भलीभांति निर्वहन कर संगठन को मजबूत कर मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे। तिवारी ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी हैं, उसके लिए वह वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताते हैं।

संदीप कुमार तिवारी की नियुक्ति पर पदाधिकारियों ने हर्ष जताया। बधाई देने वालों में श्रीमती कविता साहू राष्ट्रीय महामंत्री महिला शाखा, श्रीमती चंद्रकला सोनी राष्ट्रीय सचिव महिला शाखा, पुरुषोत्तम सोनकर प्रांतीय अध्यक्ष महाकौशल प्रान्त, राजकुमार सोनी प्रदेश महामंत्री, राष्ट्रीय बौद्धिक मंच प्रदेश संगठन महामंत्री रंजन महाराज, भागवाधारी केशव महाराज, शंकर भोले बाबा महाराज, अशोक वीर विक्रम सिंह, योगेश पटेल, आकाश महाराज, रामश्रय महाराज, गजेन्द्र महराज, विष्णु पटेल, श्रीमती एकता तिवारी जिलाध्यक्ष महिला शाखा जबलपुर, श्रीमती मनीषा अवस्थी जिलाध्यक्ष महिला शाखा सतना, श्रीमती मीना सैनी जिला संगठन महामंत्री महिला शाखा जबलपुर आदि पदाधिकारियों ने बधाई दी है। ये जानकारी मुख्य राष्ट्रीय महासचिव नरेन्द्र मोदी विचार मंच सूरज ब्रम्हे ने जारी पत्र में दी है।



संदीप तिवारी।

# आदेश पालन न करने पर बीडीओ हुए सख्त

## अगस्त का सचिवों का रोका वेतन

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** बीडीओ मानिकपुर शैलेन्द्र सिंह ने अगस्त माह में ग्राम पंचायतों किहुनिया, बारहमाफी, छेरिहा की गौशाला की स्थिति अच्छी न होने पर ग्राम पंचायत अधिकारियों व ग्राम विकास अधिकारियों का खाता सीज करने की चेतावनी दी है।



बीडीओ शैलेंद्र सिंह।

गुरुवार को बीडीओ शैलेन्द्र सिंह ने ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों को रोस्टर के हिसाब से ग्राम पंचायतों में बैठने समेत गौशालाओं का निरीक्षण करने के साथ गौशालाओं की स्थिति व जीपीएस फोटो पेश करने के आदेश दिये थे। ये कार्य सभी ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारियों ने सही ढंग से नहीं किये। इससे खफा बीडीओ शैलेंद्र सिंह ने सभी ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारियों का माह अगस्त के वेतन रोकने की कार्रवाई की है। छेरिहा ग्राम विकास अधिकारी बालगोविन्द मौर्या से इस बाबत बात की गई तो कहा कि बीडीओ को जो समझ में आये करे, वह अपने अंदाज में काम करेंगे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि 12 अगस्त को वादी ने रिपोर्ट लिखाई कि दिनेश पुत्र शक्कू लमियारी ने घर में घुसकर 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री का जबरन हाथ पकड़कर घसीटते हुये छेड़छाड़ की। बहू के जागने पर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय ने आरोपी दिनेश को गिरफ्तार किया।

# भूमि अधिग्रहण में भिन्न-भिन्न मुआवजा देने से ग्रामीणों में आक्रोश

## रामवन गमन व बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे भूमि अधिग्रहण का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामपथ गमन व बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के विस्तारीकरण में ग्रामीणों को भिन्न-भिन्न सर्किल रेट पर जमीन का मुआवजा निर्धारित करने पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है। ग्रामीणों ने कहा है कि उन्हें रानीपुर भट्ट के बराबर मुआवजा दिया जाये।

गुरुवार को कर्वी तहसील के चकला राजरानी, रानीपुर भट्ट, अहमदगंज व खुटहा गांव के ग्रामीण एमपी जायसवाल, रईश आलम, जगजाहिर सिंह, माताबदल, द्वारिका प्रसाद, नत्थूराम, रामलाल सिंह, भगवानदीन, लवलेश सिंह, कृष्णा कुमारी, चरण सिंह, छोटेलाल सिंह, सोहनलाल, रामकुमार, श्यामसुन्दर सिंह, शिवकुमार, दीपक कुमार, विद्यावती, राजेश सिंह, संतोष सिंह, दिलीप कुमार सिंह, नीलू सिंह, सुभाषचन्द्र, विनय, संगीता, रामगुलाम, लक्ष्मी, जगनन्दन, बाबूलाल सिंह, रजऊ, जमुना सिंह, चन्द्रभान आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा कि रामपथ गमन व बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के विस्तारीकरण में भिन्न-भिन्न सर्किल रेट मुआवजा को निर्धारित किये हैं। रानीपुर भट्ट में एक करोड पचास लाख प्रति हेक्टेयर सर्किल रेट है। चकला राजरानी में 91 लाख प्रति हेक्टेयर, रानीपुर भट्ट में एक खेत पीछे 79 लाख, चकला राजरानी में 42 लाख प्रति हेक्टेयर है।

ये रेट अगस्त 2024 में लागू हुए है। इसमें संशोधन किया जाये। इसे लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि उनकी भूमि रामपथ गमन मार्ग व बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के विस्तारीकरण को ली जा रही है। उनके गांव की सीमा से सटे रानीपुर भट्ट, चकला राजरानी, अहमदगंज की भूमि के सर्किल रेट भिन्न-भिन्न होने से उनमें आक्रोश है। कम मुआवजा देने से कास्तकार अपनी भूमि नहीं देना चाहते। रानीपुर भट्ट के सर्किल रेट अनुसार भूमि ली जाये। कास्तकारों को देने वाले मुआवजे में संशोधन कर रानीपुर भट्ट के बराबर मुआवजा दिलाया जाये, तभी ग्रामीण अपनी भूमि देंगे। इस बाबत ग्रामीणों ने सूबे के मुख्यमंत्री व आयुक्त बांदा को भी पत्र भेजा है।

*तीस्ता को हम इंटरनेशनल फोरम पर ले जाएंगे...*

# जल विवाद पर बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने भारत को दिखाई आंख

**ढाका: बांग्लादेश** में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने भारत के प्रति सख्त रुख दिखाते हुए तीस्ता जल विवाद को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने की बात कही है। अंतरिम सरकार में जल और पर्यावरण मामलों की मंत्री रिजवाना हसन ने कहा है कि बांग्लादेश तीस्ता जल विवाद को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर जाने पर विचार कर सकता है। तीस्ता पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के रुख का जिक्र करते हुए रिजवाना ने कहा कि मोहम्मद यूनुस की सरकार दोनों देशों के बीच साझा नदियों से जुड़े मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएगी। उन्होंने कहा कि भारत में ममता बनर्जी कहती हैं कि वह अपने लोगों को वंचित करते हुए हमें पानी नहीं देंगी। इसलिए हम तीस्ता के किनारे रहने वाले अपने लोगों की आकांक्षाओं को सामने लाएंगे। हम तीस्ता के पानी पर बांग्लादेश के अधिकारों को पेश करने से पीछे नहीं हटेंगे।



द दिन्दू की रिपोर्ट के मुताबिक, रिजवान हसन ने ये भी कहा कि बांग्लादेश की नई सरकार तीस्ता सहित साझा नदियों के बारे में नई दिल्ली के साथ बातचीत करेगी। उन्होंने कहा, 'संयुक्त नदी आयोग तीस्ता के पानी पर बातचीत कर रहा है लेकिन इस बार हम बांग्लादेश में तीस्ता के किनारे रहने वाले लोगों को भी इसमें शामिल करेंगे। हमें पानी मिलेगा या नहीं, यह हमारे हाथ में नहीं है लेकिन हम इस मुद्दे पर बोलेंगे। हम अपनी बात भारत को बहुत स्पष्ट रूप से बताएंगे।' बांग्लादेश ने कुशियारा और फेनी जैसी साझा नदियों पर भारत के साथ समझौते किए हैं।

1996 के समझौते पर फिर से होगी बात

पर्यावरण और जल संसाधनों पर अपने काम के लिए 2012 में मैग्सेसे पुरस्कार जीत चुकीं रिजवाना ने कहा कि ढाका और नई दिल्ली को अपने 1996 के गंगा जल बंटवारे के समझौते के नवीनीकरण पर फिर से बातचीत करनी होगी, जो शेख हसीना के पीएम रहते हुआ था। कुशियारा समझौते पर सितंबर 2022 में हस्ताक्षर किए गए थे।

इसमें 1996 के गंगा समझौते के बाद साझा नदियों पर समझौते को अंतिम रूप दिया गया था। हालांकि इसके बाद से वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं हुई।

रिजवाना हसन ने कहा कि हम भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखेंगे लेकिन हम अपने दावों को जोरदार तरीके से पेश करेंगे और अपनी उचित मांगों के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों का भी रुख कर सकते हैं।

## बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ नहीं रुकी हिंसा, जबरन लिया जा रहा इस्तीफा, इस्कॉन के प्रवक्ता का बड़ा दावा

**ढाका: बांग्लादेश** में हिंसक प्रदर्शन के बाद शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया और भारत में आकर शरण ले ली। उनके सत्ता से हटने के बाद हिंदुओं के खिलाफ हमले देखे गए। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के आने के बाद भी हिंदुओं के खिलाफ हिंसा नहीं रुक रही है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता राधारमण दास ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर आरोप लगाया है कि हिंदुओं के खिलाफ लगातार दुर्व्यवहार हो रहा है। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट करते हुए दावा किया कि बांग्लादेश में एक हिंदू शिक्षक को पूर्व छात्रों से दुर्व्यवहार का सामना करने के बाद इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा।

उन्होंने एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए इस दावे को साझा किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'बांग्लादेश में एक और हिंदू शिक्षक को मुस्लिम छात्रों की ओर से अपमानित किया गयाहै, जिसे उन्होंने कभी पढ़ाया था और उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया।' दास ने आगे दावा किया कि बांग्लादेश में हजारों हिंदुओं पर हर दिन अपनी नौकरी से इस्तीफा देने के लिए दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने लिखा, 'हर दिन बांग्लादेश में हजारों हिंदुओं पर त्याग पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उनका उद्देश्य बांग्लादेश में काम कर रहे सभी 25 लाख हिंदुओं को हटाना है।'



शिक्षक को किया गया अपमानित

दास ने जो वीडियो साझा किया उसमें कथित तौर पर एक शिक्षक का ऑफिस दिख रहा है। एक शिक्षक को लोगों ने चारो तरफ से घेर रखा है, जो उसे अपमानित करते दिख रहे हैं। दो लोग शिक्षक की शर्ट में सिगरेट के डिब्बे को जोड़ते हुए दिख रहे हैं। जबकि शिक्षक स्पष्ट रूप से डरा हुआ दिख रहा है।

## जैसा करोगे वैसा भरोगे... बांग्लादेश में शेख मुजीब की मूर्ति टूटी तो खुश हुए पाकिस्तानी पीएम

**इस्लामाबाद: बांग्लादेश** में हुए तख्तापलट से सबसे ज्यादा खुश पाकिस्तान है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की खुशी अब सामने आ गई है। हाल ही में बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की मूर्तियां तोड़ी गई। इस बात का जिक्र करते हुए शहबाज शरीफ ने कहा कि जिसने पाकिस्तान विरोधी आंदोलन का नेतृत्व किया है, उसका यही हश्र हुआ है। लोगों के गुस्से के कारण शेख हसीना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और भारत में शरण ली है। गुस्साई भीड़ ने शेख मुजीब की भी कई मूर्तियों को तोड़ा। उनसे जुड़े म्यूजियम में तस्वीरों तो बर्बाद कर दिया।

हसीना सरकार देश में हुए दंगे के कारण गिर गई जो 50 वर्षों के इतिहास में सबसे बुरे दंगों में से एक था। जुलाई की शुरूआत में शुरू हुए आरक्षण विरोधी प्रदर्शन में लगभग 300 लोग मारे गए और हजारों अन्य घायल हो गए। प्रदर्शनकारी सरकार से सिविल सेवा नौकरी कोटा खत्म करने की मांग कर रहे थे।

## कमला हैरिस की पार्टी के सम्मेलन में 'ओम शांति', वैदिक मंत्रों से DNC के तीसरे दिन की हुई शुरूआत

**शिकागो: अमेरिका** के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा के लिए जारी ह्यडेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशनह्न (उ्ठउ) के बुधवार को तीसरे दिन की शुरूआत पहली बार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें पुजारी ने देश की एकजुटता की प्रार्थना की। भारतीय-अमेरिकी पुजारी राकेश भट्ट ने शिकागो में आयोजित डीएनसी के तीसरे दिन की कार्यवाही औपचारिक रूप से शुरू करते हुए कहा, ह्यभले ही हमारे बीच मतभेद हों, लेकिन जब राष्ट्र की बात आती है तो हमें एकजुट होना चाहिए और यह हमें सभी के लिए न्याय की दिशा में ले जाता है ह्न

पुजारी ने कहा, ह्यहमें एकजुट होना चाहिए। ईश्वर करे कि हमारे मस्तिष्क एक जैसा सोचें। हमारे दिल एक साथ धड़कें। सब कुछ समाज की बेहतरी के लिए होना चाहिए। ईश्वर करे कि हम शक्तिशाली बनें ताकि हम एकजुट होकर अपने देश को गौरवान्वित कर सकें ह्न मैरीलैंड के श्री शिव विष्णु मंदिर के पुजारी भट्ट बेंगलुरु के मूल निवासी हैं। वह एक माधव पुजारी हैं जिन्होंने अपने गुरु एवं उडुपी अष्ट मठ के पेजावर स्वामीजी से ऋग्वेद और तंत्रसार (माधव) आगम का ज्ञान प्राप्त किया।

कई भाषाओं के जानकार हैं भट्ट

भट्ट ने कहा, ह्यपूरा ब्रह्मांड एक परिवार हैं। सत्य हमारा आधार है और यही स्थाई भी है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह हमें असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर और मृत्यु से अमरत्व की ओर ले जाए। ओम शांति शांति शांति ह्न



तमिल, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी, अंग्रेजी, तुलु और संस्कृत भाषाओं के जानकार भट्ट के पास तीन भाषाओं-संस्कृत, अंग्रेजी और कन्नड़ में स्नातक और परास्नातक की डिग्री है।

अमेरिका में कौन जीतेगा राष्ट्रपति चुनाव, कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप में कड़ी टक्कर

पार्टी ने क्या कहा?

डेमोक्रेटिक पार्टी के वित्तीय मामलों के उप प्रमुख अजय भुटोरिया ने कहा, ह्यराकेश भट्ट द्वारा आज डीएनसी में वैदिक विधि से पूजा अर्चना किया जाना एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो समावेशिता और विविधता के प्रति डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है ह्न भुटोरिया ने कहा, ह्यभारतीय अमेरिकी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं को ऐसे प्रमुख मंच पर सम्मानित होते देखना उत्साहजनक है। यह क्षण अमेरिकी समाज के भीतर हमारे समुदाय के बढ़ते प्रभाव और उसकी बढ़ती मान्यता को दशार्ता है।

## चीन के स्वतंत्र रूप से विकसित मानवयुक्त हवाई पोत ने पहली लंबी दूरी की उड़ान पूरी की



**बीजिंग। चीनी** विमानन उद्योग निगम से बुधवार को मिली खबर के अनुसार चीन का स्वतंत्र रूप से विकसित मानवयुक्त हवाई पोत एएस700 चीन के क्वांगशी च्वांग स्वायत्त प्रदेश के क्वेइलिन शहर के यांगशुओ में स्थित मून माउंटेन नामक टेक-ऑफ और लैंडिंग बिंदु पर सफलतापूर्वक पहुंचा।

इससे जाहिर हुआ है कि प्रांतों और क्षेत्रों में पहली सफल लंबी दूरी की स्थानांतरण उड़ान सफलता के साथ पूरी की गई। एएस700 मानवयुक्त हवाई पोत चीन द्वारा स्वतंत्र रूप से विकसित एक नागरिक मानवयुक्त हवाई पोत है। यह हरित, कम कार्बन वाला, सुरक्षित और किफायती है, कम दूरी की उड़ान और ऊर्ध्वाधर टेक-ऑफ और लैंडिंग प्राप्त कर सकता है। इसका अधिकतम टेकऑफ वजन 4 टन से अधिक है। इस हवाई पोत की अधिकतम सीमा 700 किमी है और यह 10 लोगों को ले जा सकता है। यह स्थानांतरण एएस700 हवाई पोत के लिए प्रांतों और क्षेत्रों में पहली लंबी दूरी की स्थानांतरण उड़ान है।

**चीनी विमानन उद्योग निगम से बुधवार को मिली खबर के अनुसार चीन का स्वतंत्र रूप से विकसित मानवयुक्त हवाई पोत एएस700 चीन के क्वांगशी च्वांग स्वायत्त प्रदेश के क्वेइलिन शहर के यांगशुओ में स्थित मून माउंटेन नामक टेक-ऑफ और लैंडिंग बिंदु पर सफलतापूर्वक पहुंचा**

हवाई पोत ने 12 घंटे और 44 मिनट की कुल उड़ान के साथ लगभग 1,000 किलोमीटर की उड़ान भरी। इस अवधि के दौरान, विकास टीम ने मुख्य रूप से हवाई पोत के स्वयं के प्रदर्शन और लंबी दूरी की स्थानांतरण उड़ान क्षमताओं का परीक्षण किया। योजना के मुताबिक, पहले हवाई पोत की डिलीवरी इस साल होगी।

## भारत में परमाणु हमला कर दूंगा... तीन साल पहले अफगानिस्तान में फंसे ब्रिटिश यूट्यूबर ने उड़ाया भारतीयों का मजाक

**लंदन: ब्रिटिश** यूट्यूबर माइल्स रूटलेज ने सोशल मीडिया पर भारतीयों का मजाक बनाते हुए एक के बाद एक कई नस्लवादी टिप्पणियां की हैं। साथ ही भारत का मजाक बनाते हुए कहा कि वो इंडिया पर परमाणु बम गिरा देगा। भारतीयों के प्रति अपनी असंवेदनशील नस्लवादी टिप्पणियों के लिए माइल्स को सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इस बार उन्होंने ना सिर्फ भारतीयों पर नस्लवादी कमेंट किए हैं बल्कि इसके खिलाफ बोलने वाले लोगों का भी मजाक बनाया है। माइल्स अपनी टिप्पणी पर खेद जताने की जगह उनसे सवाल पूछने वालों के लिए भी खराब भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक, 25 वर्षीय राउटलेज 2021 में उन ब्रिटिश छात्रों में शामिल थे, जो तालिबान के कब्जे के दौरान अफगानिस्तान में फंस गए थे। माइल्स रूटलेज अपने यूट्यूब चैनल 'लॉर्ड माइल्स' पर अपने कंटेंट के लिए पहले भी चर्चा में आते रहे हैं। माइल्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान खींचा जब उन्होंने एक स्क्रीनशॉट साझा करके भारतीयों के खिलाफ



नस्लवादी पोस्ट करना शुरू कर दिया। एक गुमनाम एक्स यूजर को भारतीय कहते हुए उन्होंने लिखा, 'भारतीय मुझे खोजने की धमकी देते हैं लेकिन यह उन पर उल्टा पड़ता है। तुम नहीं लेकिन मैं तुम्हें ढूंढ लूंगा और फिर तुम्हें मांगते हुए वीडियो बनाना होगा।'

भारत पर गिरा दूंगा परमाणु बम

रूटलेज ने अपने वीडियो में भारतीयों के बात करने के तरीके का भी मजाक उड़ाया और एक अलग ट्वीट में भारत का मजाक बनाते हुए परमाणु हथियार लॉन्च करने की धमकी दी। रूटलेज ने लिखा, 'जब मैं इंग्लैंड का प्रधानमंत्री बनूंगा तो मैं ब्रिटिश हितों और मामलों में हस्तक्षेप करने वाली किसी भी विदेशी शक्ति को स्पष्ट चेतावनी के रूप में परमाणु साइलो खोलूंगा। मैं बड़ी घटनाओं के बारे में बात नहीं कर रहा हूं, मैं छोटे से छोटे उल्लंघन पर पूरे देश पर परमाणु हमला कर दूंगा। मैं सिर्फ भारत के लिए ही न्यूक्लियर लॉन्च कर सकता हूं।'

रूटलेज की टिप्पणियों पर भारत के सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान गया तो उनका विरोध किया गया। एक यूजर ने रूटलेड पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा, 'मानो या न मानो लेकिन मुझे भारत बिल्कुल पसंद नहीं है। मैं बिना नाम की आईडी के पीछे छुपे भारतीय को भी पहचान रहा हूं।

अगर कोई ऑनलाइन आकर आपसे बदतमीजी करता है तो वह भारतीय होता है। ऐसे में मैं भारतीयों को नापसंद करता हूं।

## चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने विदेशी संसदों के नेताओं से भेंट की

**बीजिंग। चीनी** राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पेइचिंग के जन वृहत भवन में सामूहिक रूप से उन विदेशी संसदों के नेताओं से भेंट की, जो चीनी राष्ट्रीय जन प्रतिनिधि सभा के अंतर-संसदीय संघ में शामिल होने की 40वीं वर्षगांठ की गतिविधि और विकासशील देशों के सांसदों के छठे सेमिनार में भाग लेने चीन आए हैं।



शी चिनफिंग ने विभिन्न देशों के संसद अध्यक्षों का चीन आने का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि आप लोग विभिन्न महाद्वीपों से आते हैं और हम सभी ग्लोबल साउथ के सदस्य हैं। हालांकि, विभिन्न देशों की राष्ट्रीय परिस्थितियां अलग-अलग हैं, पर हम सभी समान विचारधारा वाले अच्छे भाई और अच्छे भागीदार हैं। वर्तमान में विश्व संरचना तीव्र गति से विकसित हो रही है। चीन विभिन्न देशों के साथ एक समान और व्यवस्थित बहु-ध्रुवीय दुनिया और आर्थिक वैश्वीकरण का आह्वान करना चाहता है, मानव जाति के साझे भविष्य वाले समुदाय के निर्माण को बढ़ावा देना चाहता है और हमारी पृथ्वी को एक सामंजस्यपूर्ण परिवार बनाना चाहता है।

शी चिनफिंग ने बल देकर कहा कि विधायी निकायों के बीच आदान-प्रदान देशों के बीच संबंधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। विधायी निकायों के पास समानता और आपसी विश्वास के अंतर-राज्य संबंधों के निर्माण, पारस्परिक रूप से लाभकारी विकास सहयोग का विस्तार करने, खुले और समावेशी आदान-प्रदान और आपसी सीखने को बढ़ावा देने और निष्पक्ष और उचित वैश्विक शासन को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी और क्षमता है। चीन हमेशा से 'ग्लोबल साउथ' का सदस्य रहा है।

व्यापक विकासशील देशों के साथ एकजुटता और सहयोग चीन के विदेशी संबंधों की मजबूत नींव है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## इमरान खान ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में चांसलर के लिए आवेदन क्यों किया?

**इस्लामाबाद: पाकिस्तान** के पूर्व पीएम इमरान खान ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के चांसलर पद के लिए आवेदन कर सबको चौंका दिया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एक साल से ज्यादा समय से एक साल से जेल में बंद हैं। इमरान खान ने जेल से ही ब्रिटेन और दुनिया की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑक्सफोर्ड के शीर्ष पद के लिए अप्लाई किया है। उनके इस कदम ने इस सवाल को भी जन्म दिया है कि बीते दो दशक में पाकिस्तान के सबसे चर्चित नेता रहे इमरान खान क्या अब देश के बाहर जाना चाहते हैं। इमरान अब क्रिकेट और राजनीति के बाद तीसरा विकल्प खोज रहे हैं। साथ ही इमरान क्या पाकिस्तान आर्मी को भी संकेत दे रहे हैं कि उनकी अब सियासत में दिलचस्पी नहीं है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने पाकिस्तान की राजनीति में 'नया पाकिस्तान' बनाने के वादे के साथ राजनाति में एंट्री की थी। उनको काफी कामयाबी भी मिली लेकिन बीते कुछ समय से उनके लिए चीजें बहुत मुश्किल रही हैं।

## तुर्की ने बुल्गारिया की सीमा के पास 32 अवैध प्रवासियों को किया गिरफ्तार

**तुर्की पुलिस ने बुधवार कोबुल्गारिया की सीमा के पास उत्तर-पश्चिमी प्रांत किर्कलारेली में 32 अवैध प्रवासियों को पकड़ा**

**इस्तांबुल। तुर्की** पुलिस ने बुधवार कोबुल्गारिया की सीमा के पास उत्तर-पश्चिमी प्रांत किर्कलारेली में 32 अवैध प्रवासियों को पकड़ा। यह जानकारी एक सरकारी चैनल ने दी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने सरकारी चैनल टीआरटी के हवाले से बताया कि उन्हें पिनार हिसार जिले के निकट एक प्रवर्तन अभियान के दौरान हिरासत में लिया गया। इस दौरान पुलिस ने एक ट्रक को रूकने का इशारा किया, जिसने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया और भागने लगा। इसके बाद उसे बुल्गारिया के डेरेकोय सीमा द्वार तक पीछा कर गिरफ्तार कर लिया गया।



पीछा करने के बाद पुलिस ने ट्रक को रोका। इस दौरान ट्रक के पिछले हिस्से में विभिन्न देशों के 32 प्रवासी छिपे हुए थे। इसके बाद प्रवासियों को प्रांतीय सुरक्षा निदेशालय के प्रवासी तस्करी विरोधी विभाग में ले जाया गया।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स से यह भी पता चलता है कि हिरासत में लिया गया ट्रक ड्राइवर दो अलग-अलग अपराधों के लिए वांछित है।

बता दें कि किर्कलारेली हाल ही में बुल्गारिया के रास्ते अवैध रूप से यूरोप में प्रवेश करने की कोशिश करने वाले अनियमित प्रवासियों के लिए पसंदीदा मार्ग बन गया है। मानव तस्करी से निपटने के लिए पुलिस अक्सर इस मार्ग के प्रमुख बिंदुओं पर जांच करती है।